RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 207 | ग्वालियर शनिवार 8 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर जलाएं होली : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आम नागरिकों तथा ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि वे होली जलाने को लेकर सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो। साथ ही सरकारी संपत्ति को किसी तरह की कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं खंभो से छेड़खानी करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जरा सी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए आम लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। ऐसी लाईनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, यदि आँधी तूफान या अन्य कारणों से अकस्मात टूट जाएं तो उनके समीप जाकर, उन्हें छूकर खतरा मोल न लें। लाईन टूटने की सूचना निकटस्थ कंपनी अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को शीघ्र दें, संभव हो तो किसी व्यक्ति को उस जगह, अन्य राहगीरों को चेतावनी देने के लिए रखें अथवा 1912 पर संपर्क कर सूचना जरूर देवें।



नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाईन से समूचित दूरी रखें, यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कर्मचारी की सलाह लें। खेतों खलिहानों में ऊँची - ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियाँ, झोपड़ी मकान तंबू आदि विद्युत लाईनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाईनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊंचाई तक भरी हुई गाड़ियाँ न निकालें इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है।

गॉव और शहरों में होली का उत्साव मनाने के दौरान बहुत सी लकड़ियों को इकट्ठा कर चौराहों पर होलिका दहन किया जाता है। यदि विद्युत लाईनें ऊपर से जा रही हों तो तारों के नीचे होली नहीं जलानी चाहिए। क्यों कि आग की लपटों से एल्यूमिनियम के तारों के गलने और टूटने की संभावना होती है। बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलने के दौरान तरह-तरह के धागे, डोर विद्युत की लाईनों में फंसा देते हैं। ऐसा करने से उन्हें रोकें। लाईनों में फंसी पतंग निकालने के लिए बच्चों को कभी भी खंभे पर चढने ना दें।

विद्युत लाईन पर तार या झाडियॉ न फेंके एवं लाईनों के नीचे ऊंचे तथा फलदार वृक्ष ना लगायें। यदि कोई ऐसा करता है तो इसकी सूचना पास के पुलिस थाने या विद्युत कंपनी के वितरण केन्द्र में दें। विद्युत लाईनों के पास लगे वृक्ष या उसकी शाखा न काटें यदि कटी डाल लाईन पर गिरती है तो आपके लिए घातक सिद्ध हो सकता है। अपने खेत, खलिहान, घर या संपत्ति की सुरक्षा के लिये अवरोधक तारों (फेंसिंग वायर्स) में विद्युत प्रवाहित न करें। यह कानूनी अपराध भी है इस प्रकार विद्युत का उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।इस तरह से विद्युत सुरक्षा को लेकर आप भी सचेत रहें, और दूसरों को भी सचेत करें, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना घटित न हों। आवश्यक जानकारी के लिये कंपनी के टोल फ्री नं.1912 पर कॉल लगाएं या फिर वितरण केन्द्र से संपर्क स्थापित करें।

# हर सनातनी पूर्ण श्रद्धामय, भक्ति उल्लास से मनाएं पर्व त्यौहार : कृष्णगिरी पीठाधीश्वर वसंत विजयानंद गिरीजी महाराज

## 9 मार्च को जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक के बाद गुरुदेव का आशीर्वाद और होली का रंग बेंगलूरु में 14 मार्च से

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

कृष्णगिरी। परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने कहा कि रंगों की चिकित्सा से आज विज्ञान मनुष्य के विभिन्न रोगों को ठीक कर रहा है। उन्हीं रंगो के पर्व के रूप में हमें सैकड़ो, हजारों वर्ष पूर्व से होली का त्योहार हमारे ऋषियों मुनियों, पूर्वजों से मिला है। प्रत्येक हिंदू सनातनी को अपने पर्व और त्योहार को श्रद्धामय भक्ति तथा उल्लास के साथ प्रेम व सद्भाव से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली की रात्रि में मंत्र जाप सिद्धि की भी बड़ी महत्वता है। शुक्रवार को यहां श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम में 9 मार्च को होने वाले पूज्य गुरुदेवश्रीजी के जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक कार्यक्रम की पांच दिवसीय श्रृंखला में कृष्णगिरी पीठाधीश्वरजी ने कहा कि साधकों के लिए होली, अक्षय तृतीय एवं दीपावली की रात अद्भुत मानी गई है। होली को किसी भी साधना के लिए श्रेष्ठ दिन बताते हुए जगद्गुरुश्रीजी ने कहा कि चांदनी रात में मंत्र जाप की सिद्धि प्रदान करने चंद्रमंडलवासनी देवी भगवती स्वयं प्रसन्न होकर अपने भक्तों को वरदान देती है। उन्होंने कहा कि इस दिन विशेष अमृत किरणों में पवित्रता पूर्वक शुद्धता से किसी भी मंत्र को जाप से सिद्ध किया जा सकता है। साथ ही साधना के शिखर पुरुष, मंत्र शिरोमणि पूज्य गुरुदेवश्री ने रंगों के पर्व की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि दो-दो मिनट तक एक-एक रंग का एकाग्र होकर ध्यान मात्र करने पर भी अर्थात 15 मिनट में सात रंगों के ध्यान से व्यक्ति के लिए किसी भी दुर्लभ वस्तु का भी अभाव मिट सकता है। वे बोले, निश्चित ही



व्यक्ति इस कलयुग में संसार में स्वार्थ पूर्ण अपनी इच्छा, चाह रखता है, मगर भगवती की भक्ति से सर्वथा सिद्धि प्राप्त हो सकती है। दक्षिण भारत के सुदूर विश्व प्रसिद्ध कृष्णगिरी तीर्थ धाम में विदेशों से अर्थात सात समुंदर पार या यूपी, एमपी, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, उड़ीसा, पंजाब इत्यादि अनेक राज्यों शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं की भक्ति जिज्ञासा का उल्लेख भी उन्होंने किया। पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने कहा कि किसी भी भक्त की कृष्णगिरी आने की इच्छा या अनिच्छा जगत जननी देवी मां की कृपा से ही संभव है। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार जैसा कोई भी दिन विश्व भर में नहीं है। इस वार को दुनिया भर में क्रिश्चियन, मुस्लिम धर्म के लोगों साथ सनातनी धर्मावलंबी भी देवियों की आराधना पर्व के रूप में व्यापक स्तर पर मनाते हैं। सात दिनों में शुक्रवार मां का पतित पावन, प्रिय एवं अति विशेष प्रसन्नता प्रदान करने वाला दिन होता है। इससे पूर्व तीर्थ धाम में सुबह के सत्र में मां पद्मावतीजी का केसरयुक्त दुग्ध अभिषेक, शाम को हवन यज्ञ में आहुतियां का क्रम जारी रहा। उड़ीसा से जैनाचार्य भूपेंद्रमुनिजी तथा श्रमण संघीय दक्षिण सूर्य संतश्री वरुण मुनिजी आदि ठाणा मौजूद रहे। डॉ संकेश छाजेड़ ने बताया कि 9 मार्च को पूज्य गुरुदेवश्रीजी के भव्यतिभव्य जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक कार्यक्रम के बाद 14 मार्च से 22 मार्च तक बेंगलुरु प्रवास कार्यक्रम रहेगा। गुरुदेव का आशीर्वाद एवं होली का रंगीला पर्व भक्तिमय विशेष धार्मिक आयोजनों के साथ फूलों की नगरी में हनुमंतनगर क्षेत्र में मनाया जाएगा। इस दौरान नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह साधना, महापूजा, दोपहर 3 बजे से जीवन विकास के अद्भुत प्रेरक प्रवचन एवं शाम 7 बजे से विशेष महायज्ञ होगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी डिटेल मोबाइल 90513 90513 से प्राप्त की जा सकती है। पूज्य गुरुदेव के कथा प्रवचन एवं हवन यज्ञ का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है।

# कन्नौद पुलिस की पहल : गली-गली पोस्टर लगाकर किया जा रहा जागरूक

ओमप्रकाश परमार,

**देवास।** जिले के कन्नौद थाना पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक कर अपराध को नियंत्रित करने के लिए नए-नए प्रयोग किये जा रहे है। जिनकी लोगो द्वारा काफी सराहना की जा रही है। आमजन को जागरूक कर अपराध में नियंत्रण कर भयमुक्त माहौल बना हुआ है साथ ही अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोत द्वारा थाना क्षेत्र में माइक्रो बीट सिस्टम लागू करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हरिनारायण बाथम तथा एसडीओपी आदित्य तिवारी को अपने मार्गदर्शन में माइक्रो बीट सिस्टम लागू करने हेतु बताया गया। इसके पालन में थाना कन्नौद में संपूर्ण थाना क्षेत्र को चार मुख्य बीट तथा 12 माइक्रो बीट में विभाजित कर माइक्रो बीट में प्रत्येक सिपाही को 10 गांव तथा कस्बे में 10 मोहल्ले का कार्य क्षेत्र दिए गए हैं। तथा बीट आरक्षक प्रधान आरक्षक बीट अधिकारी तथा थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर आमजन ग्रामीणों को उपलब्ध करवाने हेतु पोस्टर बनाकर लगवाए जा रहे हैं जिसमें जनता से सामाजिक बुराई जुआ सट्टा ड्रग्स साइबर फ्रॉड से बचने तथा उनके संबंध में सूचना देने हेतु बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के 70 गांव में व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर



प्रत्येक गांव का पृथक पृथक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है जिससे पुलिस और ग्रामीणों के बीच कम्युनिकेशन रहे तथा सूचना का आदान-प्रदान हो सके

पोस्टर में बीट क्षेत्र में रहने वाले नागरिको से अपील

1. क्षेत्र में कही कोई अवैध गतिविधि अपराध के संबंध में आसामाजिक अपराध जुआ-सटटा की जानकारी बीट प्रभारी, कर्मचारी के मोबाईल नंबर पर देवें, आपकी जानकारी गोपनीय रखी जावेगी,

2. इंन्टरनेट मोबाईल उपयोग करते समय अपनी आई-डी पासवर्ड, ओ. टी.पी. अकाउण्ट संबंधी जानकारी किसी को न दें, सोशल मिडिया, फोन, मोबाईल पर कोई लालच, भय में आकर दबाव में पैसे ट्रांसफर न करें, यदि कोई कॉल कर विडियो व्हाटसअप कॉल कर डिमाण्ड करता हैं तो पुलिस सायबर मित्र या थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी मो.न. 7587611405 को देवे।

3. यदि आप किसी कारण से घर सूना छोड ताला लगाकर बाहर जाते हैं तो इसकी सूचना पुलिस को दे. ताकि आपकी सूने मकान की सुरक्षा व्यवस्था की जा सके।

4. जुआ-सटटा, किकेट, इंटरनेट आई-डी पर चलने वाला जुआ-सटटा, के संबंध में जानकारी को पुलिस को दें, यदि इसमें हारकर कर्ज से परेशान हैं, तो भी पुलिस को सूचित करें, पुलिस आपकी सहायता करेगी।

5. महिलाओ एवं बालिकाओ से अपील हैं कि कोई आपका पीछा करता है, छेडखानी करता, ब्लैकमेल करता हैं, तो डरें नही बीट में दिये गये नंबरो पर सूचित करें, थाना थाना प्रभारी थाना कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी के नंबर पर सूचित करे, आपकी पहचान गोपनीय रखी जावेगी।


# बरसाना में सीएम योगी ने किया रंगोत्सव का शुभारंभ, लाड़ली जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीं देशवासियों को शुभकामनाएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राधा रानी के जन्मस्थली बरसाना पहुंचे. श्री लाडली जी राधा रानी मंदिर में दर्शन पूजा अर्चना की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

प्रोग्राम में मुख्यमंत्री ने मंच से संबोधन करते हुए कहा कि अयोध्या काशी में विकास की गंगा बह रही है. अब मथुरा की बारी है. बजट की कोई कमी नहीं है. ब्रज के कण-कण में राधा और कृष्णा वास करते हैं. उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है. बरसाना में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की. मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है. इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं

**साधु संत और राधा रानी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता



के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला. उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है. महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है.

**होली है सद्भावना का पर्व :** सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है. महाकुम्भ ने दुनिया को एकता का संदेश दिया. होली इसे और मजबूत करती है. उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की.

**श्रीराधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है. पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है. महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है. काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है. सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है. उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं. उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया. सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी

**बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है. यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है. मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है.

होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी. सीएम ने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की प्रदेश और देशवासियों को होली की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने मंच स्थल से नीचे आकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की.

मंच पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, मंत्रीगण संदीप सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरण प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश नौहवार, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना विजय सिंह, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र आदि मौजूद रहे.

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी : मंत्री श्री पटेल

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा दमोह में गौ माता की हत्या का मामला अत्यंत दु:खद और निंदनीय हैं। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा सभी को आश्वस्त करना चाहता हूँ, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कारक मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेष रूप से यह तय करने में कि व्यापार, सरकारें और व्यक्ति वे निर्णय कैसे लेते हैं जो हमारे चारों ओर की दुनिया को प्रभावित करते



हैं। यहां बताया गया है कि श्वस्त्र मानव जीवन को कैसे प्रभावित करता है-

1. पर्यावरण यह कारक इस बात पर केंद्रित है कि व्यापार और व्यक्ति पर्यावरण पर कैसे प्रभाव डालते हैं। जलवायु परिवर्तन, संसाधन उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन, और जैव विविधता संरक्षण से जुड़े निर्णय सीधे पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन प्रदूषण को कम करता है और समुदायों को स्वस्थ बनाता है। कृषि, निर्माण और परिवहन में अधिक सतत प्रथाएँ वायु और जल गुणवत्ता में सुधार कर सकती हैं और पारिस्थितिकी तंत्रों को बचा सकती हैं।

2. सामाजिक सामाजिक पहलू मानव कल्याण पर केंद्रित है, जिसमें श्रमिकों के अधिकार, विविधता, स्वास्थ्य और सुरक्षा, सामुदायिक भागीदारी और शिक्षा जैसे कारक शामिल हैं। नैतिक प्रथाएँ, उचित वेतन और समानता को बढ़ावा देना एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज बनाने में मदद करता है। श्वस्त्र-प्रेरित पहलें अक्सर बेहतर जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और उन समूहों के लिए अधिक अवसर प्रदान करती हैं जिन्हें सामान्यत- उपेक्षित किया जाता है,

# कलेक्टर का सख्त आदेश किसी भी भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के कारण कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो संबंधित पर होगी सख्त कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**मुरैना।** भड़काऊ पोस्ट से वर्ग विशेष की भावनाएं आहत होने से कानून व्यवस्था को लेकर प्रतिकूल स्थिति निर्मित होने की संभावना के कारण कलेक?र श्री अंकित ने जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा के अंतर्गत प्रतिबंधित आदेश जारी किए है।कलेक्टर ने कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर कानून व्यवस्था बिगाडने की स्थिति निर्मित की जा सकती है।कलेक्टर ने आदेश दिए है की यदि कोई भी व्यक्ति विभिन्न इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप,एक्स,एस.एम.एस., इंस्टाग्राम इत्यादि संसाधनों का दुरूपयोग धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाओं को भड़काने में नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति इन वर्णित सोशल मीडिया प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार की पोस्ट जिसमें संदेश, चित्र ऑडियो या वीडियो सभी सम्मिलित हैं,इन पोस्ट से धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाऐं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता है,प्रसारित नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक नारेबाजी, उन्माद फैलाने वाले भाषण देना एवं भडकाऊ पर्चे छपवाकर बांटना तथा जिन पोस्टर, बैनर से विद्वेष फैलने की संभावना हो उन पोस्टर, बैनर को लगाने / फाड़ने आदि कार्य नहीं करेगा और न ही उक्त कार्य करने हेतु किसी को प्रेरित करेगा।महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग या समुदाय, जाति विशेष के विरूद्ध प्रतिकूल टिप्पणी नहीं करेगा।अफवाह नहीं फैलायेगा, सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक भावना एवं साम्प्रदायिक भावना व जातिगत भावना भड़कती हों, को लाइक या फारवर्ड नहीं करेगा।कलेक्टर ने आदेशित किया है कि ग्रुप एडमिन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके।कलेक्टर ने सख्त आदेश दिए है कि जिला मुरैना राजस्व सीमार्न्तगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक भाषा अथवा भड़काऊ नारे आदि के लिए प्रतिबंधित रहेगा।किसी भी रैली अथवा संगठन के द्वारा शासकीय सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुँचाया जाए तथा शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। कलेक?टर अंकित अस?थाना ने कहा है कि आदेश के उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित पर प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत सख्त वैधानिक कार्यवाई की जायेगी।कलेक्टर ने आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/पुलिस, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी जिला मुरैना को अधिकृत किया है।

# चीनौर में सड़क निर्माण कार्य रुका तहसीलदार पर लापरवाही का आरोप

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी**



चीनौर सड़क निर्माण को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों ने 12 मी का सीमांकन ना होने तक सीसी सड़क निर्माण कार्य रोक दिया है उनका आरोप है कि तहसीलदार जानबूझकर सीमांकन नहीं करवा रहे जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है

**क्या है विवाद :-**

ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित सीमांकन के सड़क बनाई जा रही है जिससे कई घर प्रभावित हो सकते है 5 6 मकान अब तक भी नहीं हटाए गये है और प्रशासन उन्हें खाली करने में असफल रहा है ठेकेदार भी प्रशासन की मदद के बिना काम आगे नहीं बढ़ा रहा है। इसलिए चीनौर में आज ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के द्वारा नाली न बनाए जाने के कारण वह सड़क पर उतरे है जबकि पहले ठेकेदार के द्वारा नाली बनाने की बात कही गई थी और अब ठेकेदार नाली नहीं बना रहे हैं और कुछ मकान वालों के मकान भी नहीं तोड़े गए हैं जो की सीमांकन के जरिए टूटना चाहिए इसलिए ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं और ठेकेदार से तीखी बहस भी हुई है ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार से जबकि प्रशासन के द्वारा 12 मी का सीमांकन कर सड़क व नाली का निर्माण करने को कहा गया था। इनका कहना है कि। चीनौर में जो रोड डल रही है वह आबादी क्षेत्र की है जिसमें कार्यवाही के समस्त अधिकार पंचायत विभाग को हैं निर्माण एजेंसी पी डब्लू डी है जिसे निर्धारित मानकों के अनुरूप रोड बनानी है राजस्व विभाग मात्र लायन आर्डर की व्यवस्था के लिए उत्तरदाई है जो मौके पर बनाया जा रहा है तहसीलदार मनीष जैन

# कांग्रेस पार्टी ने मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ नारेबाजी कर, किया पुतला दहन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**अम्बाह।** नगर पालिका चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उमा चरण कटारे के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया गया जो सत्ता के नशे में इतने चूर हो चुके हैं जो जनता को भिखारी बता रहे हैं कटारे ने कहा जब यह जनता के बीच में वोट मांगने जाते हैं तो वोट उनको भीख नहीं लगता जनता को भिखारी बता रहे हैं यह आम जनता किसान सभी का अपमान है इसके विरोध में पुतला दहन किया गया तथा उनके इस्तीफा की मांग की गई साथ ही भाजपा में हो रहे सत्ता के नशे में मध्यवस किसी भी तरह की भाषा बोलते हैं उस पर लगाम लगाई जाए जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे विधायक देवेंद्र सखवार ,पूर्व जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर, आईटी सेल अध्यक्ष यादुवेंद्र उपाध्याय, पार्षद जय राजोरिया, पार्षद सुनील सखवार, ललिता अतेंद्र सैनी ,शेरा तोमर, अंकुर मावई, सुनील उपाध्याय मंडल ,हरेंद्र शर्मा ,शिवनारायण ,अजेट सिंह तोमर सरपंच ,लाडले ब्यास ब्रजकिशोर सखवार ,सेवादल अध्यक्ष अवधेश कटारे, पुष्पेंद्र समाधिया ,सेवादल अध्यक्ष दुर्गा सखवार, राजू पाराशर , सोनू सखबार ,शंकर गुधैनिया धर्मेंद्र सखवार आदि लोग मौजूद रहे।

# शासकीय योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुचे-मंत्री नारायण सिंह कुशवाह



**भोपाल।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा है कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने यह निर्देश खंडवा जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा उद्यानकी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक समरसता और सामाजिक सहभागिता के लिए सामाजिक न्याय के माध्यम से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि द्वियांग जनों को को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा जाए। उन्होंने भारत सरकार के निर्देशानुसार जिलों में चलाए जा रहे सुगम वातावरण अभियान की भी समीक्षा की ।

उद्यानकी विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि खेती के साथ उद्यानकी फसलों पर विशेष जोर दिया जाए ।किसानों को फल, फूल, सब्जियां के उत्पादन से अधिक लाभ, कम समय में प्राप्त होता है इसलिए उद्यानिकी विभाग का मैदानी अमला किसानों को उन्नत फसलों और तकनीकी के विषय में लगातार प्रशिक्षित करे। बैठक में विधायक श्रीमती छाया मोरे, श्री कंचन मुकेश तंनवे, और महापौर श्रीमती अमृता यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे ।

## महिला दिवस के अवसर पर महिला चिकित्सकों का होगा सम्मान एवं निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

**अशोक सोनी, देनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**ग्वालियर।** एशोशियेशन फीजीयोथेरेपिस्ट द्वारा स्पोर्ट्स इंज्यूरी की समस्या पर 8 मार्च शनिवार को कार्यशाला आयोजित की जा रही है ग्वालियर एसोशिएशन आफ फीजीयोथेरेपिस्ट के संस्थापक डॉ रजनीश नीखरा के द्वाराबताया गया। महिला दिवस के अवसर पर महिला चिकित्सकों का सम्मान एवं निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य म वक्ता के रूप में डॉ देवाशीष चंदा ऑर्थोपेडिक रॉबोटिक सर्जरी में विशेषज्ञ है एवं डॉ आस्था श्रीवास्तव फीजीयोथेरेपी विशेषज्ञ रहेगे कार्यक्रम में शहर के सभी फीजीयोथेरेपी चिकित्सक भागीदारी करेंगे एवं कार्यक्रम में महिला दिवस पर महिला फीजीयोथेरेपी चिकित्सकों का सम्मान किया जाएगा

## नेशनल हाईवे पर सिक्स लेन की मांग को लेकर भुख हड़ताल आज से अपने साथियों के साथ दीपक शर्मा करेंगे अनिश्चितकालीन आमरण अनशन

**दैनिक केसरिया/हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



एन,एच 7-19 नेशनल हाईवे पर सिक्स लेन की मांग को लेकर आज से सामाजिक कार्यकर्ता दीपक शर्मा उर्फ दीपू अपने साथियों के साथ भुख हड़ताल पर बैठेंगे भिंड नगर के सुभाष तिराहे पर चलेगी अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल दीपक शर्मा ने समस्त समाजसेवीयों, साधु-संतों एवं क्षेत्रवासियो से जनमानस की सुरक्षा आवश्यक सिक्स लेन निर्माण की मांग के इस आन्दोलन में सहयोग करने की अपील जारी की गई है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरैना में दस दिवसीय बैगलेस कार्यक्रम सम्पन्न व्यावहारिक और रचनात्मक गतिविधियों से छात्र जुड़े



**मुरैना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरैना में नई शिक्षा नीति के तहत फरवरी माह से चल रहे बैगलेस शिक्षा कार्यक्रम 07 मार्च को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस विशेष पहल का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त कर व्यावहारिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में बन रहे वोकेशनल लैब पर ले जाकर छात्रों को भवन निर्माण की बुनियादी तकनीकों की जानकारी दी गई, इसमें छात्रों को नींव तैयार करने, दीवार बनाने और सीमेंट के कार्यों की जानकारी दी गई। कुकिंग के अंतर्गत विद्यालय की ही अभिभावक श्रीमती ज्योति तोमर के निर्देशन में छात्रों ने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाना सीखा। इसके साथ ही विभिन्न प्रशिक्षकों ने छात्रों को उपकरणों के उपयोग, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। गार्डनिंग सत्र में पौधों की देखभाल, जैविक खाद निर्माण एवं पौधारोपण की विधियां सिखाई गईं। वहीं बढ़ई कार्य और इलेक्ट्रिशियन कार्यशालाओं में लकड़ी के फर्नीचर निर्माण और घरेलू विद्युत मरम्मत के गुर सिखाए गए। पॉटरी कार्य में छात्रों ने मिट्टी से विभिन्न प्रकार के बर्तन और कलात्मक वस्तुएँ बनाने की कला सीखी। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता विकसित करना था। समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार ने कहा कि इस पहल से छात्रों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। बैगलेस शिक्षा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने का नया और प्रभावी तरीका है। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न गतिविधियों के दौरान तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी लगाई। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

# बैंकर्स लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों को ऋण वितरण करायें ताकि बजट का सदुपयोग हो सके : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न



**मुरैना।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में डीएलसीसी की तिमाही बैठक गुरूवार को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकर्स से कहा कि हितग्राहियों को ऋण लक्ष्य के अनुसार वितरित करायें, ताकि 31 मार्च तक बजट का सदुपयोग हो सके। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आरके गोस्वामी, आरबीआई भोपाल से श्री सौम्यदीप चटर्जी, नाबार्ड से श्री आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त विभागों के अधिकारी तथा संबंधित बैंको के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने शासकीय योजनाओं के लंबित आवेदनों का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिये। आरबीआई भोपाल के श्री सौम्यदीप चटर्जी द्वारा साख जमा अनुपात तिमाही दिसंबर 2024 में 85.87 प्रतिशत प्राप्त करने पर प्रशंसा व्यक्त की। इंडियन बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम प्राप्ती पर आगामी बैठक में बैठक से पूर्व सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री एन के मंगल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुरैना में ट्रक बिजली के खंभे से टकराया चंबल नदी की अवैध रेत से भरा था

**मुरैना।** मुरैना नेशनल हाईवे क्रमांक 44 पर चंबल नदी के अवैध रेत से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसका चालक मौके से फरार हो गया। वन विभाग के अधिकारियों को जैसे ही इस बात का पता लगा वे मौके पर पहुंचे और उन्होंने तीन जेसीबी तथा हाइड्रा मंगाकर ट्रक को खाली करने का काम शुरू कर दिया। अब उस ट्रक को राजसात कर लिया जाएगा। घटना शुक्रवार सुबह की है। बता दें कि, मुरैना की चंबल नदी से अवैध रेत का खनन लगातार किया जा रहा है। एक ट्रक चंबल नदी के अवैध से भरा हुआ नेशनल हाईवे क्रमांक 44 पर राजघाट की तरफ से मुरैना शहर की तरफ आ रहा था। रास्ते में होटल इंद्रलोक से पहले सामने से आ रहा एक डंपर ट्रक के सामने आ गया। उसको बचाने के चक्कर में ट्रक चालक ने ट्रक को जैसे ही मोड़ा वह सड़क के किनारे मौजूद नाली में चला गया तथा बिजली की एक खंभे से जा टकराया। जैसे ही ट्रक टकराया उसका ड्राइवर कूद कर वहां से भाग गया। ट्रक के टकराने की सूचना जब वन विभाग के अधिकारियों को मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे।

# जिले की दो शख्सियत, एक राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित होंगी, दूसरी सीएम के समक्ष राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शेयर





**श्योपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य में भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले की दो ऐसी शख्सियतों को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित होने का अवसर मिल रहा है, जिन्होने अपनी मेहनत और कार्यो से लोगों को प्रेरणा दी है। एक है किन्नर कोमल गुरू जिन्हें इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार से नवाजा जायेगा। दूसरी एनआरएलएम अंतर्गत स्वसहायता समूहो से जुडी श्रीमती सुनीता आदिवासी है, जिन्होंने कडे परिश्रम और व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का न केवल कार्य किया, बल्कि समूह से जुडी हजारो महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गई है। श्रीमती सुनीता आदिवासी को उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष शासन, प्रशासन के सहयोग से आर्थिक रूप से निर्भर होने की सफलता के संबंध में अपने अनुभव शेयर करने का आमंत्रण मिला है।

किन्नर कोमल गुरू श्योपुर जिले की निवासी किन्नर कोमल गुरू को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 के राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उन्हें यह सम्मान देंगे। श्योपुर जिले के लिए यह बडे गौरव की बात है, जब यहां की किसी शख्सियत को इस राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा किन्नर कोमल गुरू के सामाजिक कार्यो को उचित मंच पर प्रदर्शित करते हुए राज्य सरकार को उक्त पुरस्कार के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि सामाजिक कार्यो के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान वाली किन्नर कोमल गुरू को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित करने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई थी। श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमयी रामकथा के आयोजन के साथ ही गरीब बेटियों के विवाह के लिए भी ईश्वर की प्रेरणा से कार्य करने वाली कोमल अब तक कई बेटियों के विवाह संपन्न करा चुकी है। इसके अलावा न केवल गरीब बच्चो को पढाई में मदद करती है बल्कि जरूरत मंद महिलाओं को रोजगार दिलवाने में भी सहायता कर रही है। फक्कड़ चौराहे पर स्थित अपने आश्रम में जरूरतमंदो को भोजन आदि की सुविधाएं भी उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

सुनीता आदिवासी अंचल के ग्राम गोरस की निवासी श्रीमती सुनीता आदिवासी जनजाति सहरिया समुदाय से आती है, कभी बेहद गरीबी में जीवन यापन करने वाली सुनीता आदिवासी समाज की उन गिनी चुनी महिलाओ में से एक थी, जो कक्षा 10 तक पढी हुई थी। पढाई के प्रति अपनी लगन के चलते उन्होने अपनी शादी के बाद इंटर मीडियेट परीक्षा पास की और सहरिया समाज की बालिकाओं को पढने के लिए प्रोत्साहित किया। एनआरएलएम अंतर्गत संचालित दुर्गा स्वसहायता समूह से जुडकर उन्होने अपने सामाजिक जीवन की शुरूआत की।

# जन्म जन्मांतरों के पापों का नाश कर देती शिव पुराण की पावन कथा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कथा वाचक आचार्य श्री महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती ने कहा की श्री शिव पुराण की पावन कथा श्रवण करने का बहुत बड़ा महत्व है श्री शिव महापुराण कथा का श्रद्धा भाव से श्रवण कर आचरण में उतारने वाले व्यक्ति के जन्म-जन्मांतरों के पाप नष्ट हो जाते हैं पितृलोक में बैठे पितृ देव भी अपने मुक्ती मोझ के लिए अपने कुल के वंशजों से आसा लगाये रहते हैं की हमारे कुल मे कोई धर्मात्मा पैदा हो और वह कथा का आयोजन करवाये जिस कथा के श्रवण से हमें मुक्ति मिल जाये कथा आयोजन करवाने वाले और श्रद्धा भाव से कथा श्रवण करने वाले सभी धर्मप्रेमियों को अनन्त पुन्य लाभ प्राप्त होता है।

# प्रेम ही भरत का धर्मसार है - स्वामी मैथिलीशरण



**सीधी।** रोली मेमोरियल में चल रही रामकथा के दौरान शुक्रवार को स्वामी मैथिलीशरण ने कहा कि भरत की समझ, भरत का कहना तथा भरत का करना सब कुछ पूर्ण है एवं धर्मसार है। गुरुवशिष्ठ ने अयोध्या के पूर्व संविधान तथा लौकिक मान्यताओं से ऊपर उठकर कह दिया . भरत जो तुम समझोगे, जो कहोगे और जो भी करोगे मैं उसको धर्मसार की संज्ञा दूँगा। श्री भरत जी धर्मसार और प्रेम का सार हैंए जिसका मंथन भगवान राम ने चौदह वर्ष की वियोग की मथानी से मथकर प्रकट किया। स्वामी मैथिलीशरण ने श्रोताओं को बताया कि संसार में किसी की बात वेद नीति की कसौटी पर खरी उतरती है, तो राजनीत की कसौटी पर कट जाती है। किसी की मान्यता साधु स्वीकार कर लें तो लोकमत उसे अस्वीकार कर देता है, पर भरत मात्र ऐसे महापुरुष हैं जिनकी बात को साधु, वेद, लोक और राजनीति सब स्वीकार करते हैं, जो ग्रहस्थों संन्यासियों वानप्रस्थों . सभी आश्रमों के लिए स्वीकार्य हैं। ये तभी संभव है जब निर्णय का आधार कहीं भी अपना निजी कोई स्वार्थ न हो और न ही परमार्थ पाने के लिए कार्य करे। धर्म अधिक परमार्थ दे सकता है पर श्री भरत ने स्वार्थ और परमार्थ दोनों को अपने स्वार्थ का विषय नहीं बनाया। उनका स्वार्थ भी रामए परमार्थ भी राम। पादुका में भी राम और राम में भी राम। जो सचराचर में केवल मात्र श्रीराम की प्रसन्नता और उनका उद्देष्य ही प्रमुख मानते हैं वे हैं श्रीभरत। सीधी के श्रोताओं ने गद् गद् होकर भावपूर्ण आरती की। लालमणि सिंह ने एवं डा रामलला सिंह ने कहा कि ये प्रवचन माला श्रीरामकिंकर जी का नया अवतार है, जिसमें तुलसीदास जी के हृदय को तत्व के अनुपान में दिया गया। ब' चे, युवा, शिक्षित, भक्त, माताएँ सबने भरपूर आनंद उठाया। चन्द्रमोहन गुप्त ने महाराज श्री एवं रामकथा रसिक सभी सुधी श्रोताओं के प्रति भाव पूरित आभार व्यक्त किया। मनोज तिवारी, योगेन्द्र पाठक तथा पवित्र तिवारी को महाराज मैथिलीशरण जी ने सेवामूर्ति बताया।

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण में छूट संबंधी निर्देश जारी




**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा/संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 08 मार्च 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाना है जिसमें प्रीलिटिगेशन (मुकादमा पूर्व) तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने हेतु नियमानुसार छूट संबंधी निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देशानुसार समस्त घरेलू उपभोक्ता, समस्त कृषि उपभोक्ता, 5 किलो भार तक के गैर घरेलू उपभोक्ता, 10 अश्व शक्ति भार तक के अद्यौगिक उपभोक्ता प्रीलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा अंकलित सिविल दायित्व की राशि पर ×0 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने के तिथि से ×0 दिवस के अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा अंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने के तिथि से ×0 दिवस के अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत वार्षिक की दर से लगने वाली ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

## बोर्ड परीक्षा : 12 वी कक्षा के भूगोल विषय में शामिल हुए 6135 विद्यार्थी

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड के भूगोल विषय की परीक्षा दिनांक 07.03.2025 को जिले के 64 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें जिले में कुल दर्ज 6250 छात्रों में से कुसमी में 616, मझौली में 957, रामपुर नैकिन में 1268, सिहावल में 1408 कुल 6135 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 115 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुये। परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी द्वारा गठित पैनल डॉ पी एल मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उपनी, कुचवाही, रजडिहा, सपही का निरीक्षण किया गया।

# जन औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना : सांसद डॉ राजेश मिश्रा




**सीधी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र मध्य प्रदेश के सभी जिला केंद्रो पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि उ' च गुणवत्ता की जीवन रक्षक दवाइयां सस्ती दरो पर आम लोगों को सरल और सहज ढंग से उपलब्ध होए जिसके लिए हमारे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं। जन औषधि के माध्यम से लोगों ने लगभग ×0 हजार करोड रुपए से अधिक की बचत की है। उक्त आशय के विचार लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर राजेश मिश्रा ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के निरीक्षण के दौरान कहीं। प्रदेश से नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने जन औषधि दिवस पर जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करते हुए आम लोगों से रूबरू होने के साथ.साथ विभिन्न रोगों के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्स एवं जन औषधि केंद्र के लाइसेंसी सुरेंद्र मणि दुबे और फार्मासिस्ट डा अनुपमा त्रिपाठी से चर्चा की। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जन औषधि केंद्र जिले के विभिन्न ब्लाकों में संचालित होए इसके लिए हम कार्य कर रहे हैं। अत्यंत कम समय में कुसमी ब्लाक में जन औषधि केंद्र का भव्य शुभारंभ होने वाला है। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जन औषधि केंद्र में जीवन रक्षक दवाइयां बाजार मूल्य से पचासी प्रतिशत तक से भी कम मूल्य पर यहां उपलब्ध है। सांसद डॉ मिश्रा ने जन औषधि दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के लोग जन औषधि केंद्र का पूरा.पूरा लाभ लें और अपनी खून पसीने की कमाई की बचत करें।

# लम्बे समय से फरार वारंटियों को जमोडी पुलिस नें किया गिरफ्तार




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्यप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जमोडी पुलिस नें दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया है। वर्ष 2019 के आपराधिक मामले में जारी स्थाई वारंटए वारंटी प्रिंस कोल पिता प्रेमलाल कोल उम्र 23 वर्ष निवासी मधुरी कोठार एवं वर्ष 2019 के ही एक अन्य मामले के फरार आरोपी दादूलाल रावत पिता रानिहोर रावत उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सोनवर्षा थाना जमोडी को जमोडी पुलिस नें गिरफ्तार किया है। उक्त दोनों आरोपी वर्ष 2019 से अपराध करके फरार हो गए थे जो जमोडी पुलिस आरोपियों की सतत पता तलाश कर रही थी जो मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं न्यायलय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, प्रआर.राजलाल भौरे, प्रआर.अवनीश सिंह, आरक्षक मानेन्द्र शुक्ला कर विशेष योगदान रहा है।

# मारपीट के आरोपियों को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**सीधी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय के द्वारा निरंजन सिंह पिता हरिनारायण सिंह उम्र ×0 वर्ष एवं संजय सिंह पिता हरिनारायण सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बस्बंधिा थाना बहरी जिला सीधी को धारा ×25, ×4 भादवि के अपराध में एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000, 1000. रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया। बताया गया कि फरियादी दलप्रताप सिंह गोंड ने 28.10.2022 को थाना बहरी जिला सीधी में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.10.2022 को शाम 5 बजे के लगभग उसके भतीजे निरंजन सिंह व संजय सिंह द्वारा पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर उसके साथ लाठी से मारपीट की गई जिससे उसे अस्थिभंग कारित हुआ एवं जान से मारने की धमी दी गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी जिला सीधी में अभियुक्ति गण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्र.क्र.1272/2022 में शासन की ओर से सशक्तत पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कु.सीनू वर्मा के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

# सुगम्य यात्रा को नगरपालिका अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



**श्योपुर।** नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग द्वारा आज दिव्यांगजनो को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित एक दिवसीय सुगम्य यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक सुश्री शशिकिरण इक्का सहित दिव्यांगजन एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में दिव्यांग व्यक्तियों को अधिक से अधिक सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराये जाने हेतु शहर भ्रमण कार्यक्रम सुगम्य यात्रा आयोजित करने के निर्देश दिये गये है। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगजनो को शामिल करते हुए शहर के शासकीय एवं सार्वजनिक उपयोग के भवनों, नगरपालिका भवन, बस स्टैण्ड आदि ऐसे स्थान जहां दिव्यांगजनो को अक्सर अपने कार्यो के लिए आना जाना होता है, इन स्थानों पर दिव्यांगजनो के लिए सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे स्थानों के फोटोग्राफ यस टू एक्सेस नामक एप पर अपलोड किये जायेंगे, जहां आवागमन को सुगम्य बाधा रहित बनाया जा सकें। इस सुगम्य यात्रा को आज कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

# आदर्श ग्राम मरसरहा मे समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर हुआ संवाद

**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरसरहा सेक्टर क्रमांक 5 कुंवरी विकासखंड सिहावल जिला सीधी के आदर्श ग्राम मरसरहा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कार्यालय में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मुख्य आतिथ्य, ग्राम पंचायत मर्सरहा के सरपंच कल्पना रावत के अध्यक्षता एवं विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक के विशिष्ट आतिथ्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता गोविंद प्रसाद गौतम नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र एवं आदर्श ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में आदर्श ग्राम की परिकल्पना के संबंध में बैठक की गई।




# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर चांपाखेड़ा में मातृ-पितृ पूजन, अभिभावक सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान**

विद्या भारती ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला उज्जैन के सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर चांपाखेड़ा में मातृ-पितृ पूजन, अभिभावक सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्कार ऋषि श्री दिनेश जी व्यास नीलकंठ धाम घटवास रहे साथ ही श्री रामेश्वर जी सेकवाड़िया जिलाध्यक्ष ग्राम भारती जिला उज्जैन,श्री गोवर्धनलाल जी बंबोरिया जिला समिति सदस्य उज्जैन व श्री संतोष जी नावटिया सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चांपाखेड़ा का आतिथ्य प्राप्त हुवा । कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, प्रणवाक्षर व माँ भारती व प्रभु श्री राम जी के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजन किया गया। अतिथि परिचय संस्था प्रधानाचार्य लोकेश कुमावत द्वारा करवाया गया। संयोजक मंडल संयोजक रामचंद्र अटोलिया, ईश्वरलाल सागीत्रा, समरथ गरगामा, भंवरलाल सागीत्रा, राधेश्याम सागीत्रा, गोपाल पांचाल, ओमप्रकाश सागीत्रा, आत्माराम गरगामा, गोविंद नायमा, मुकेश सागीत्रा, बालमुकुंद ढोढरिया, रामनिवास सागीत्रा द्वारा सर्वप्रथम गुरुजी व्यास जी का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया व मंचासीन अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा वर्तमान में मैदान सौंदर्यीकरण में दान देने वाले दानदाताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह अभिभावक सम्मेलन के पश्चात गत वर्ष शिक्षण में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को विद्यालय की ओर से महापुरुष के प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया साथ ही गतवर्ष बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले पूर्व छात्र में कक्षा 10 वी में दिव्या सेकवाड़िया चापानेर व 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मध्यप्रदेश शासन से स्कूटी व लेपटॉप प्राप्त करने वाली विद्यालय की पूर्व छात्रा बहिन निशा सेकवाड़िया ,उत्कृष्ट विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले भैया/बहिन,वर्तमान सत्र में जिले से लेकर क्षेत्र स्तर तक कि प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले समस्त भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया।



अतिथियों द्वारा इस सत्र में अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहिनों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस वर्ष बहिन हर्षिता नंदेड़ा, श्रीकांता सागीत्रा व संध्या बैरागी ने संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में क्षेत्र स्तर पर रायपुर छत्तीसगढ़ में जाकर व बहिन अनुराधा मेहता ने दतिया मध्यप्रदेश में विजय प्राप्त की थी जिनका अतिथियों द्वारा बधाई देते हुवे पुरस्कृत किया। साथ ही अतिथियों द्वारा विद्यालय के संयोजक मण्डल व आचार्य परिवार का भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नीलकंठ धाम घटवास वाले गुरुजी संस्कार ऋषि श्री दिनेश जी व्यास के आशीर्वचन प्राप्त हुवे। आपने कहा कि चांपाखेड़ा विद्यालय ने मुझे काफी आकर्षित किया यहाँ की व्यवस्था शहरों के विद्यालय से अच्छी है साथ ही देश के शिशु मन्दिरों में लव-कुश, ध्रुव व प्रहलाद बनाने का कार्य किया जाता है। यहां पढ़ने वाले भैया बहिन के माता पिता कभी वृद्धाश्रम नही जाते है यहां के बच्चे संस्कार व राष्ट्रभक्ति में कभी फेल नही होता हमेशा पास ही होता है जिस प्रकार जहां तीन नदियों का संगम होता है वहा तीर्थराज प्रयाग बन जाता है उसी प्रकार आपके अपने विद्यालय में ज्ञान, चरित्र व संस्कार का संगम मिलता है अत: यही आपके भैया बहिनों का प्रयागराज है यही महाकुंभ है इस संगम में गांव के हर भैया बहिनों को डुबकी लगाना ही चाहिए व गांव के हर व्यक्ति व अभिभावकों को आपके गांव के इस धर्म संस्कृति रक्षा केंद्र का सहयोग करना चाहिए। मातृ-पितृ पूजन विद्यालय द्वारा मातृ-पितृ पूजन का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त अभिभावकों व भैया बहिनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजन में बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर उनकी परिक्रमा कर बाद में आरती की गयी। विद्यालय लगातार दो वर्षों से इस प्रकार का कार्यक्रम कर रहा है जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में बहिनों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मण्डल सदस्य समरथ गरगामा व आभार व्यक्त संयोजक रामचंद्र अटोलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र, समस्त अभिभावक, ग्रामवासी व आचार्य परिवार से प्रधानाचार्य लोकेश कुमावत, वासुदेव धाकड़, राहुल नायमा, लखन खमोरिया, राजू गरगामा, राधा गरगामा, पूजा सागीत्रा, अनुराधा खमोरिया, मधु अलोलिया व जितेंद्र मालवीय उपस्थित रहे!

# रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब सिटी को उत्कृष्ट सेवा कार्यों में लिए किया सम्मानित

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सनावद।** लायंस डिस्ट्रिक्ट की महत्वपूर्ण आधिकारिक रीजन कॉन्फ्रेंस सार्थक रीजन-2 आरोही चेयरपर्सन प्रियंका गुजराती की अध्यक्षता में महेश्वर में आयोजित की गई ।जिसमें रीजन के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिया ।रीजन अंतर्गत जोन-3 के जोन चेयरपर्सन ज़ाकिर हुसैन अमी के कार्यों की अतिथियों द्वारा मुक्तकंठ प्रशंसा की गई। एवं अमी को सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन, मेंबरशिप ग्रोथ,क्लब फॉर्मेशन, अवॉर्ड के साथ लीडरशिप एवं नायक की तरह अपने जोन एवं रीजन के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु




प्रतिष्ठित हीरो ऑफ द रीजन खिताब से सम्मानित किया गया ।इंटरनेशनल एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट, पिन के साथ ही वेल ड्रेस पुरुष का पुरस्कार भी जाकिर अमी को प्राप्त हुआ ।उल्लेखनीय है रीजन में लायंस/ लियो मिलाकर कुल 8 नए क्लब खोले गए जिसमें से 7 क्लब जाकिर अमी के जोन में प्रारंभ हुए ।रीजन प्रियंका गुजराती ने अपने उद्बोधन में सारगर्भित बातें कही एवं खरगोश तथा कछुए की दोस्ती की कहानी के माध्यम से सामंजस्य का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

जोन के सभी क्लब्स को सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन हेतु अतिश्रेष्ठ,सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष अवॉर्ड प्राप्त हुए ।एवं क्लब्स लायंस क्लब बुरहानपुर स्थाई नि:शुल्क डायबिटीज कैंप,सनावद सिटी नशा मुक्ति,ओंकारेश्वर अनंत परिक्रमा वासी सेवा, पंधा ना अतुल्य सामाजिक सोद्देश्यता कार्यक्रम,सनावद स्नेह महिला सशक्तिकरण को विशेष सेवा गतिविधि हेतु पुरस्कृत किया गया साथ ही लियो क्लब सनावद को भी अवॉर्ड प्राप्त हुआ। नव लायंस क्लब बेड़ियां, हरसूद युवांश लियो क्लब सनावद दृष्टि,सनावद कौशल,लियो क्लब नर्मदा वैली बड़वाह का उल्लेख कर अतिथियों द्वारा बधाई दी गई ।मुख्य अतिथि कुलभूषण मित्तल, विशेष अतिथि पूर्व गवर्नर यश शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ जवाहर बिहाणी, पीडीजी निर्मल जैन, डॉ ईश्वरलाल मुंदड़ा, डॉ साधना सोडाणी, अनिल खंडेलवाल, जयप्रकाश त्रिपाठी,उपस्थित थे। अतिथियों व सदस्यों ने इसे ऐतिहासिक रीजन कांफ्रेंस निरूपित किया ।कार्यक्रम का संचालन नारायण बाहेती व हेमलता पालीवाल ने किया व आभार रीजन चेयरपर्सन प्रियंका राहुल गुजराती ने माना ।अध्यक्ष पंकज जटाले,मुश्ताक मलिक,अनिता जैन,रजनीश जैन हरीश पुरोहित,उर्मिला जैन, डॉ शैलेंद्र चौकड़े,श्याम महाजन, सहित संपूर्ण रीजन के 300 के लगभग मेंबर्स उपस्थित थे।



# गायत्री प्रज्ञा पुराण कथा एवं यज्ञ संस्कार महोत्सव प्रारंभ

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**मंडलेश्वर।** जय नगर कॉलोनी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं यज्ञ संस्कार महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर यह आयोजन शुरू किया गया गायत्री परिवार द्वारा मातृ शक्ति जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंडदीप शताब्दी वर्ष भी मनाया जा रहा है इस शुभ संयोग में कलश रैली नर्मदा तट रामघाट से प्रारंभ हुई जहां मां नर्मदा पूजन के साथ शांति कुंज के शक्ति कलश का पूजन कर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं चल रही थी शोभायात्रा घंटाघर एम जी रोड होती बस स्टैंड से कोर्ट गेट होकर अम्बेडकर चौराहे से होकर जय नगर कॉलोनी कथा स्थल पहुंची जहां यज्ञशाला में शांति कुंज के कलश की स्थापना की गई ।गायत्री परिवार के स्वयं सेवक जय सिंह चौहान ने बताया कि यह महोत्सव 10 मार्च को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा ।पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं महायज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा किया जाएगा प्रज्ञा पुराण का वाचन प्रकाश राठौड़ करेंगे यज्ञ अनुष्ठान यज्ञ आचार्य विजय सिंह सोलंकी द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खेल दिवस का आयोजन



पस फाउंडेशन ने ओजस्विनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खेल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्रिकेट, रस्साकशी और दौड़ सहित विभिन्न खेल शामिल थे। हमारे मुख्य अतिथि अनुश्री शैलेंद्र जैन जी ने सिक्का उछालकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और पुरस्कार वितरण हमारे विशिष्ट अतिथि पूर्व वित्त मंत्री जयंत मालिया जी और सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गुर्ग जी ने किया। आपस सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नवदीप सलूजा (प्रिंसिपल, इनफिनिटी इंजीनियरिंग कॉलेज) औरआदरणीय दिलीप मलेंया जी का विशेष योगदान रहा

# मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की अकोदिया ब्लॉक बैठक विशेष बैठक संपन्न

**प्रदेश,संभाग, जिले, और ब्लाक के पदाधिकारियों का किया स्वागत**

### सभी उपस्थित सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किये

**अकोदिया मंडी।** नगर अकोदिया सांवरिया रेस्टोरेंट पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अकोदिया ब्लॉक की बैठक पत्रकार एवं अकोदिया ब्लॉक अध्यक्ष लखन सिंह राणा की अध्यक्षता में एवं मनोज जैन प्रदेश संयुक्त सचिव मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ एवं अभिषेक सक्सेना चिंटू भैया जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई इस अवसर पर प्रमुख रूप से अकोदिया ब्लॉक की कार्यकारिणी की घोषणा की गई समस्त नए पदाधिकारी का हार फूलों से स्वागत सम्मान किया गया तथा एक साथ एक होने का एक साथ रहने का वचन संकल्प लिया सभी



श्रमजीवी पत्रकार संघ के लोग एक रहेंगे एक साथ रहेंगे भाईचारे से रहेंगे हिल मिलकर रहेंगे इसी के साथ सभी लोगों ने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुरैना में होने वाले दो दिवसी सम्मेलन में उपस्थित होने का आग्रह किया है इस कार्यक्रम का संचालन श्रम जीवी पत्रकार संघ के जिला सचिव अनिल शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर के पत्रकार सुरेंद्र राठी सुनील वर्मा कमल प्रजापति कमलेश अग्रवाल सुरेश मालवीय शुभम प्रेम परस्ते मनोज मानवत देव कुमार भिलाला अनिल जाट सुनील जाट देवकरण झांजा देवीसिंह सिसोदिया संजय शर्मा राजमल शर्मा गजेंद्र अंजना सुमित नीरज तिवारी सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे सभी लोगों ने साथ में दाल बाफले चूरमा के भोजन का आनंद लिया सभी लोगों ने एक दूसरे को बधाइयां देते हुए सहयोग का वादा किया

नगर से पत्रकार सुनिल वर्मा को संभागिय कार्यकारिणी सदस्य राहुल विश्वकर्मा को को जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा को जिला सचिव नियुक्त किया गया अकोदिया ब्लांक कार्यकारिणी इस प्रकार है। ब्लाक अध्यक्ष-लखन सिंह राणा, महासचिव-राजमल शर्मा, उपाध्यक्ष -मनोज मनावत-शुभम चिढार, सचिव-कमलेश अग्रवाल-प्रेम परस्ते सह सचिव देवकुमार भिलाल गजेन्द्र आंचना कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र मालवीय को नियुक्त किया गया सभी पदाधिकारियों को प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज जी जैन जिला अध्यक्ष अभिषेक जी सक्सेना ने बधाई प्रेषित की है

# लूना की टक्कर से बैल की मौत, लूना सवार कोमा में, झलोन मार्ग पर नागाबाबा के समीप हुआ हादसा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/तेंदूखेड़ा।** दमोह जिले के तेंदुखेड़ा ब्लॉक में एक ऐसा सड़क हादसा घटित हुआ है, जिसे देखने और सुनने के बाद हर कोई हैरान है। यहां गुरुवार शाम एक लूना चालक बैल से टकरा गया, जिसमें बैल की मौके पर मौत हो गई और लूना क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, चालक कोमा में चला गया। झलोन मार्ग पर यह हादसा हुआ। 108 की मदद से घायल को तेंदुखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर रेफर किया गया। जानकारी मिल रही है कि घायल व्यक्ति की हालत नाजुक बनी है। शुक्रवार दोपहर उसी मार्ग से जब राहगीर निकले तो उन्होंने बताया कि घटना के 15 घंटे बाद भी घटना स्थल पर लूना और मवेशी पड़े हुए हैं। लूना बहुत छोटा दो पहिया वाहन है, उसकी टक्कर से किसी मवेशी की मौत होना अपने आप में सोचने वाली बात है। यदि बैल की मौत हो गई तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि रफ्तार कितनी अधिक रही होगी। घटना गुरुवार शाम सात बजे के लगभग की बताई जा रही है। इमरत पिता सुंदर चक्रवती निवासी मगदूपूरा अपने गांव से तेंदुखेडा की ओर लूना से आ रहा था। नागबाबा के समीप लूना की टक्कर बैल से हो गई, जिसमें बैल की मौके पर मौत हो गई। जबकि लूना सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 की मदद से घायल को तेंदुखेड़ा समुदायिक स्वस्थ केन्द्र लाया गया। हालत ज्यादा नाजुक होने के कारण उसको उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया था। घायल इमरत की हालत गंभीर है और वह कोमा में चला गया है।

**घटना स्थल नहीं पहुंची पुलिस :-**

घटना गुरुवार की शाम झलोन मार्ग पर हुई थी। घटना के पंद्रह घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची अभी तक वाहन और मवेशी मौके पर ही पड़ा है। शायद तेंदुखेडा पुलिस को घटना की सूचना ही नहीं मिली है इसलिए वाहन और मृतक बैल मुख्य मार्ग पर पड़ा हुआ है। तेंदूखेड़ा पुलिस का कहना है, घटना के संबंध में किसी ने सूचना नहीं दी है।

# आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 165 जोड़ों के सामुहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल**

इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों ने मन्त्रोच्चारण के साथ पूरी भव्यता के साथ विवाह सम्पन्न कराया। साथ ही नवविवाहित वर-वधु को सुखी दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। एवं उपहार भेंट किए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री आयुष विभाग माननीय इंदर सिंह परमार के द्वारा विवाह के लिए आए बरतिया का स्वागत कर बारात की अगवानी की ओर नगर में बहुत चल समारोह के रूप में नगर में स्थित श्रीनगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में समापन हुआ जिसमें भारी मात्रा में जनप्रतिनिधि और समाजजन इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह जी सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अशोक नायक जी, कालापीपल





विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी जी,जनपद अध्यक्ष श्रीमती सीतादेवी रामचंदर पाटोदिया ,कलेक्टर शाजापुर सुश्री ऋजु बाफना ,जनपद सीइओ श्रीमती रुषाली पोरस, जिला महामंत्री श्री विजय सिंह बैस, श्री जेपी जी परमार (मामा) मण्डल अध्यक्ष श्री देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ,जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बन्धु उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष : श्रद्धा जैन



महिलाओं की शक्ति के प्रतीक के रूप में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को हर साल 8 मार्च को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का उत?सव मनाया जाता है। हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष थीम जुड़ी होती है, जो उस दिन के लिए बहुत बड़ी भूमिका रखती है। ऐसे में इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम एक्सीलरेट एक्शन रखी गई है। जिसका मतलब तेजी से कार्य करना है। यह लैंगिक समानता हासिल करने के लिए तेज और निर्णायक कदम उठाने के महत्व पर केंद्रित है। जहां एक तरफ साल भर नारी सशक्तिकरण पर बात होती है, वहां नारी सशक्तिकरण का अर्थ हर मायने में गलत ही समझा जाता है। समझा जाता है कि नारी सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ महिलाओं का घर से बाहर निकलकर काम करना है और तब ही उन्हें अन्य महिलाओं से अलग और पुरुषों से ऊंची पहचान मिल सकती है। मगर, नारी सशक्तिकरण का एक अर्थ यह भी है की उन्हें ना पुरुषों से आगे और ना पुरुषों से पीछे अपितु पुरुषों के समान ही अपने काम के लिए सम्मान मिले। यद्यपि, एक कड़वा सच है की जहां महिलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च को, इतने धूमधाम से मनाया जाता है वहां उन महिलाओं को साल भर पुरुषों के समान सम्मान पाने के लिए उन्हीं पुरुषों से अथक संघर्ष करना पड़ता है। चाहे फिर वह महिला पत्नी हो, माँ हो, सहकर्मी हो या उनकी बॉस हो। हमारा देश हर दिन अपनी नीतियों से भविष्य की ओर आगे बढ़ता है, मगर हमारे समाज का हर वर्ग एक-दूसरे से आगे होने की होड़ में हर दिन पीछे खिचता जाता है। और जिस देश का समाज आगे नहीं बढ़ता, उस देश की प्रगति भी एक समय पर आकर रूक जाती है। इस समस्या का एक ही समाधान है, लैंगिक समानता। समानता, समान सम्मान की और समानता, समान अवसर की। देश तो इस दिशा में काम कर ही रहा है, मगर हम इस दिशा में क्या कर रहे है, इस पर हमें अवश्य विचार करना चाहिए। हमें सिर्फ अपनी मानसिकता ठीक करने की आवश्यकता है। महिला चाहे बहन हो, माँ हो, पत्नी हो, सहकर्मी हो या आपकी बॉस हो, वह अपनी भूमिका में जो भी कर रही है, वह सम्मान की पात्र है। साथ ही हमें यह भी समझना चाहिए की सम्मान आदान-प्रदान की चीज है, ना की स्वामित्व या स्वत्व की। मुझे विश्वास है, हम सब अपने प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम एक्सीलरेट एक्शन को जरूर सार्थक करेंगे।

# (उद्यमिता सम्मेलन में डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स दे रहा है उद्यमियों को बढ़ावा)

**देनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी**

आज दिनांक 06 मार्च 2025 को निवाड़ी जिले के कार्यालय में किया गया जिला उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन। डेवलपमेंट ऑल्टरनेटिव्स टीम कुलदीप सिंह, ग़्यास अहमद, प्रमोद भालेराव, एवं विभाग द्वारा इस सम्मेलन में विभागीय अधिकारीगण श्री प्रमोद कुमार अहिरवार (ख्रुनिवाड़ी) श्री मति मीना कौशिक (हथकरघा विभाग) श्री मुहम्मद राजिक सिद्धकी (प्रबंधक) श्री मनोज पाल (परमार्थ समाज सेवी संस्था, परशुराम वर्मा एवं विभागीय अधिकारी ग्रामणी क्षेत्र के महिला उद्यमी तथा पुरुष उद्यमियों ने भागेदारी सुनिश्चित की। जिला उद्यमिता सम्मेलन में उद्यमियों को बढ़ावा अथवा गैर परम्परागत उद्दम स्थापित करने तथा उन उद्यमियों को उद्दम बढ़ाने में आने वाली कठिनाइयों का निवारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण उपयोगी तथ्य बताए गए और साथ में बैंक से वित्तीय सहायता



कैसे प्राप्त करें और सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे उपलब्ध हो एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीक आधारित उद्दम को कैसे स्थापित करें आदि विषयों पर सम्बंधित विभागों द्वारा जानकारी सांझा की गयी इसके साथ ही तकनीक, वित्तीय, बाजार विपणन, क्षमता बर्धन से लेकर व्यवसायिक कार्यकारिणी तथा नए अवशर के बारे डेवलपमेंट ऑल्टरनेटिव्स टीम एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं उद्यमियों के खास चर्चा का विषय रहा। जिला उद्यमिता सम्मेलन में उपस्थित उद्यमी कियोस्क द्वारा भी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता, तकनीक ज्ञान, कौशल आधारित उद्यम अथवा पंजीकरण के बारे में उद्यमियों के मध्य महत्वपूर्ण तथ्य सांझा किए कार्यक्रम के समापन में संभावित उद्यमियों की सूची जिन्हें तकनीकी, वित्तीय पहलू अथवा बाजार विपणन, क्षमता बर्धन आदि की आवश्यकता हेतु सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा सांझा किए जाने पर चर्चा की गयी सभी विभागीय अधिकारियों एवं उद्यमी साथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जिला पंचायत सदस्य माननीया रिंकुबाला डावर वार्ड क्रमांक 08 जोबट के द्वारा जिला पंचायत निधि से ग्राम उबलड में 8 लाख रुपये का स्टॉप डेम सह पुलिया का किया भूमिपूजन

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** ग्राम उबलड में जिला पंचायत सदस्य रिंकूबाला डावर ने ग्राम उबलड में 8 लाख रूपये लागत का स्टाप डेम सह पुलिया का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर अथिति के रूप में सुश्री हजरी अजनार जिला पंचायत सदस्य,बाझाबयडा सरपंच श्री लक्ष्यणनसिंह डावर, हिरापुर सरपंच श्री कैलास चौहान उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सबसे पहले संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर,शहीद टंट्या भील, भगवान बिरसा मुंडा,के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का ग्राम उबलड सरपंच लक्ष्यणनसिंह डावर एवं ग्रामीणों द्वारा पुष्पमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। सुश्री हजरी अजनार को कांग्रेस आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।स्टाप डेम सह पुलिया निर्माण का भूमि पूजन गावँ के पुजारा द्वारा आदिम संस्कृति परंपरागत रूप से विधि विधान से पूजापाठ कर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रिंकुबाला-लालसिंह डावर ने अपने वक्तव्य में कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मुझे आज यह स्टॉप डेम सह पुलिया निर्माण का भूमिजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आप लोगों की समस्याओँ के सामाधन के लिए हम लोग सतत प्रयासरत है। मेरे वार्ड कि 17 ग्राम पंचायतों के गाँवो की जो भी समस्याएं मेरे पास आती है। उसे में संबंधित विभाग को समस्याओँ से अवगत कराती हूँ। हम न तो सरकार के पक्ष में है,न ही विपक्ष में लेकिन हम निष्पक्ष रूप से आप लोगों की समस्याओँ के निराकरण के लिए सतत प्रयास है। इस मौके पर ग्रामीणों ने रिंकुबाला डावर को खोदराड फलिये में सी.सी



.रोड निर्माण को लेकर एक लिखित आवेदन सौपा जिस पर उन्होंने कहा में जिला पंचायत एवं ट्राइबल विभाग से मांग कर जल्दी आपकी मांग पूरी करवाने का प्रयास करूंगी। सुश्री हजरी अजनार कहा कि रिंकुबाला डावर हमेसा अपने लोगों के हक अधिकार एवं जल,जंगल, जमीन के लिए आपके लिए संघर्ष करते है,और आप लोगों को भी उनका साथ देना चाहिए है।हम हमारे वार्ड में जितनी भी समस्याएं हमारे पास आती है। उसकी हम शासन से मांग कर काम को पूरा करवाने का पूरा प्रयास करते है। उपस्थिति सभी सरपंच ने भी अपने वक्तव्य में कहा हम जितना काम पंचायत स्तर का होता है। जो ज्यादा जरूरी होता है। मिलकर काम करते है। और हम लगातार अपने जनप्रतिनिधियों से भी काम की मांग करते है। हमे जो भी जनता ने दायित्व दिया है। उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाते है।वही ग्राम समिति पैसा एक्ट अध्यक्ष श्री दिलीपसिंह डावर एवं सरपंच श्री लक्ष्यमणसिंह डावर ने कहा हमे सरकार के किसी भी लाभ से भी वंचित नही रहना चाहिए वर्तमान में कुटीर (मकान)के लिए सर्वे चल रहा है। उसमें हितग्राही अपना नाम जुड़वाकर लाभ लेवे। और जिन- जिन परिवारों में लड़का लड़की की सगाई हो गयी है। वह भी अपना रजिस्टेशन करवाकर 49 हजार रुपये का अपना आर्थिक लाभ लेवे। इस अवसर पर ग्राम के सचिव श्री अजयसिंह डावर, श्री उपसरपंच कलमी केमता डावर , प्रतापसिंह डावर, कलमसिंह डावर, सुरेन्दसिंह डावर, श्री गोलू बघेल,अनिल डावर, थानसिंह चौहान, नानसिंह चौहान, सुनील डावर, दिलीप चौहान, छगन बघेल, सुरपसिंह बघेल,भोलू बघेल, लोगसिंह चौहान, भेरू चौहान, कलमसिंह चौहान, गुलु चौहान, सरदार डावर, दीपक कलेश, राहुल डावर,आदि उपस्थित रहे। सभी को स्वल्पाहार का वितरण कर उपस्थित सभी का आभार ग्राम के सरपंच श्री लक्ष्यणनसिंह डावर ने माना।


# सतसंग वचन सुनने से ही होगी कर्मों की गंदगी साफ : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## सतसंग वचन याद आने से ही लंकिनी की जान बच गई

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि सतसंग सुनने से ही मैलाई जाती है। कर्मों की जो मैलाई है, जान में अनजान में जो कर्म आपके बन गए हैं, वो कैसे साफ होगी? सतसंग वचन सुनने से। सतसंग वचन सुनने से देखो बहुत लोगों में बदलाव आ गया। सतसंग सुनकर के और याद कर लिया (सतसंग वचनों को), तो देखो लंकिनी की जान बच गई थी। तो सतसंग से बहुत फायदा होता है। सतसंग सुनने की पहले जब लोग आदत बनाए हुए थे, 15 दिन में, महीने में एक बार आते जाते रहते थे सुनने के लिए, तब हर चीज की बराबर जानकारी रहती थी। इसलिए सतसंग बराबर सुनते रहना चाहिए।

**सतसंग का क्या फल मिलता है? (एक राजा और महात्मा जी का दृष्टांत) :-**

एक राजा ने महात्मा जी से सवाल किया, कहा सतसंग का क्या फल मिलता है?, महात्मा जी बोले तुम सुनना चाहते हो या देखना चाहते हो?, बोला देखना चाहते हूं। महात्मा जी ने कहा ठीक है, चले जाओ उधर, नदी के किनारे एक टीला है, एक पेड़ है, उसी पेड़ के ऊपर चढ़ करके बैठ जाना, तो तुमको इस सवाल का जवाब मिल जाएगा। राजा चला गया और बैठ गया, और काफी देर तक बैठा रहा। फिर सोचा कुछ नहीं दिखाई पड़ रहा है, आने का क्या मतलब




निकला? और जब नीचे उतरने लगा, तब देखा कि एक आदमी झाड़ू ले करके आ रहा है, आया और झाड़ू लगा करके चला गया। फिर दूसरा आदमी गलीचा (कालीन) ले करके आया, और जमीन पर बिछा करके चला गया। उसके बाद कुछ दिव्य आत्माएं ऊपर से उतरी और आकर बैठ गई। फिर एक सिंहासन पर एक दिव्य पुरुष आये, और वहां बैठ करके सतसंग सुनाया, उसके बाद वो सिंहासन ऊपर चला गया और वो सब लोग भी वहां से चले गए। राजा वहीं बैठ करके सब देखता रहा और जब देखा कि अब और कुछ नहीं दिखाई पड़ रहा है, तो धीरे-धीरे नीचे उतरा। जब उसने जमीन पर पैर रखा, तो देखा एक आदमी जो काला, कुरुटा, कुरूपी, जिसके अंग टेढ़े, जिसको देखते ही भय लगे, आता हुआ दिखाई पड़ा। राजा वहीं खड़े हो करके देखने लगा कि देखें ये कौन है, ये क्या करता है। तो वो आदमी आया और जमीन पर लौटने लगा। अब लौटने के बाद, उसका शरीर बिल्कुल निर्मल, स्वच्छ हो गया। तो राजा ने पूछा आप कौन हो?, बोला मैं एक पापी हूं, दिनभर इतना पाप करता हूं कि मेरा शरीर काला पड़ जाता है। मैं जानता हूं ये पाप है, लेकिन उसमें इतना लिप्त हो गया हूं कि मेरा मन पाप किए बगैर मानता ही नहीं है। तो उसका असर आता है और शरीर काला, कुरूपी हो जाता है। लेकिन इस स्थान पर सतसंग होता है, और सतसंग वाली जगह पर जब मैं लेट लेता हूं, तो मैं निर्मल, साफ हो जाता हूं। तो जिस जगह पर सतसंग होता है और वो स्थान अगर गंदा ना हो (वहां पाप ना हो, हिंसा, हत्या ना हो), तो पवित्र रहता है।

## अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिये

# जन औषधि केन्द्र से जुड़े - जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

## जनऔषधि सप्ताह का हुआ समापन

दमोह - जन औषधि सप्ताह का समापन आज जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन, सिविल सर्जन डॉ.राकेश राय, जनऔषधि केन्द्र संचालक किशन लाल हुरा, डी.आई. महिमा जैन, डॉ. विशाल शुक्ला, पूर्व सीएस डॉ नामदेव, रोटरी अध्यक्ष खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. अहिरवाल, पूर्व रोटरी अध्यक्ष संजय जैन, राजेंद्र सेठिया, अशोक जैन, अभिषेक सेन की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय के समक्ष जनऔषधि केन्द्र पर हुआ।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने कहा प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी ने गरीब भाईयों-बहनों के लिए बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई है। अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिये लोग जन औषधि केंद्र से जुड़े, यहां से आप दवाइयां लें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने कहा कोई भी समझौता नहीं किया गया है, यहां पर आपको वही दवाई मिलेगी जो आप बड़ी कीमत पर खरीदा करते हैं। जन औषधी केन्द्र में कम से कम कीमत पर सिर्फ नाम मात्र की कीमत पर दवाईया मिलती है। सभी से आग्रह है कि जन औषधि केंद्र की दवाइयों का उपयोग करें। उन्होंने कहा भगवान से यही प्रार्थना है की दवाईयों की जरूरत ही ना पड़े।यहा मौजूद हितग्राही बालकिशन सोनी ने बताया बाजार में जो ट्यूब 130 रुपए में खरीदा वही यहां पर 21 रूपये में मिला तो समझ में आया की दवाइयां वही है, लेकिन जो रेट में अंतर बहुत बड़ा है। यहां की दवा और जो बाजार की दवा है, एक ही काम करती है। मुझे लगता है जिनका दवाइयों का महीने का खर्च 1000 का है, वह यहां जन औषधी केन्द्र में आकर द

# होली के त्यौहार के अवसर पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा ग्राम नोहटा स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

## मैजिक बॉक्स से की गई मिठाइयों एवं नमकीन की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए होली के त्यौहार के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम नोहटा स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों



का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में बस स्टैंड नोहटा स्थित सचिन स्वीट्स से नमकीन एवं जबेरा रोड, विश्वकर्मा मंदिर के पास स्थित मां स्वरूपल बीकानेर मिष्ठान भंडार से कलाकंद के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस समर्पित अफसर कर रहे है भाजपा सरकार को बदनाम

## मुख्यमंत्री ने दिया है किसानों को 5 रू में कनेक्शन का ईनाम

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर**

**सीहोर।** विघुत मंडल के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को दिए गए लोक अदालत के नौटिसो पर वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कड़ी आपति दर्ज कराई है। महाजन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को कुछ विघुत मंडल में मौजूद कांग्रेस समर्पित अफसर बदनाम कर रहे है। किसानों से अवैधानिक वसूली करने के लिए हजारों रूपये के बिजली बिल बनाकर लोक अदालत में हाजिर होने के लिए नोटिस दे रहे है। जबकी किसान हितैशी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों को मात्र पांच रूपयें में बिजली कने क् शन देने के लिए प्रदेश में योजना शुरू कर दी है।



महाजन ने कहा की सरकार की छबि धुमिल करने करने वाले ऐसे कांग्रेस समिर्पत अधिकारियों को विघुत मंडल से बाहर करवाऐंगे और विघुत मंडल के द्वारा जारी किए गए भारी भरकम बिजली बिलों को भी कम कर वाऐंगे। महाजन ने कहा की इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उर्जामंत्री को भी ऑन लाईन आफ लाईन पत्र भेजकर विघुत मंडल के अधिकारियों की कार्यशेली से अवगत कराऐंगे और विघुत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने आदेश जारी करने की मांग भी करेंगे।

# में कड़ा एक्शन लूंगा, तुम लोग सुधर जाओ

## मेरे किसानों को परेशान करना बंद कर दो, विद्युत मंडल ने थमाए किसानों को नोटिस गुस्सा हुए विधायक सुदेश राय

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर**

**सीहोर।** किसान हितेषी विधायक सुदेश राय ने वनखेड़ा के पास कार्यालय के सामने विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई , उन्होंने विद्युत कंपनी के द्वारा किसानों को जारी किए गए लोक अदालत में हाजिर होने के नोटिसो को भी तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए।

विधायक सुदेश राय ने साफ शब्दों में कहा कि तुम लोग सुधर जाओ तुम्हारी काफी शिकायतें मिलती हैं मेरे किसानों को परेशान करना बंद कर दो वरना में तुम लोगों के खिलाफ अब बड़ा एक्शन लूंगा। विधायक सुदेश राय गुरुवार को काफी गुस्से में दिखाई दिए और उन्होंने मौके से ही विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को कॉल कर किसानों को स्थानीय कर्मचारियों के द्वारा बनाए गए फर्जी नोटिस के बारे में बताया और कहा कि मेरे क्षेत्र में यह सब नहीं चलेगा। किसानों से जबरन वसूली नहीं चलने देंगे।



तत्काल वसूली नोटिसो को निरस्त करने के दिए निर्देश

बताया जाता है कि विधायक सुदेश राय शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए देवीपुर अहमदपुर चरनाल क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीणों के द्वारा उन्हें विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा दिए गए वसूली और जेल भेजने की धमकी भरे नोटिसो से अवगत कराया गया था। इसके बाद विधायक सुदेश राय किसानों के लिए एक्शन में दिखाई दिए और उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को बड़ी लताड़ लगा दी। यही नहीं उन्होंने कहा कि किसानों को विद्युत वितरण कंपनी के नोटिस से डरने की जरूरत नहीं है किसानों पर किसी प्रकार की कोई आंच नहीं आने देंगे।

# घटिया सड़क के निर्माण की शिकायत के बाद तहसीलदार बड़ौदा ने किया सड़क का निरीक्षण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

**श्योपुर** - राधापुर से बड़ोदियाबिंदी तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई 3 किलोमीटर की घटिया सड़क की शिकायत के बाद कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा के निर्देश पर बड़ौदा तहसीलदार अराधना मिश्रा ने सड़क का निरीक्षण किया ?। सड़क के निरीक्षण के दौरान सड़क कई स्थानों से उखड़कर गिट्टी, डामर निकला हुआ मिला । सड़क का निर्माण घटिया स्तर का निम्न क्वालिटी के साथ किया गया एवं सड़क पर बनाई गई पुलिया का निर्माण भी अधुरा मिला । तहसीलदार बड़ौदा ने इस दौरान मौके पर उपस्थित सड़क बनाने वाले ठेकेदार को सड़क बनाने में की गई लापरवाही एवं अधूरी पुलिया निर्माण के कारण फटकार भी लगाई एंव मौके पर पंचनामा बनाकर शीघ्र कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करके कार्रवाई



करने का आश्वासन शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों को दिया । इस दौरान किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, राधापुर पंचायत के सरपंच धारा सिंह मीणा भी उपस्थित रहे ।

# पीथमपुर में यूका कचरा जलाने से रोकने की मांग

इंदौर। पीथमपुर, महू और इन्दौर की महिलाओं ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे के और अधिक परीक्षण को रोकने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि पिछले तीन दिनों से चल रहे परीक्षण के कारण पीथमपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोग कैंसर कारक रसायनों के प्रभाव में आ गए हैं। पीथमपुर बचाओ समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार हिरोले ने पत्रकार वार्ता में बताया कि रामकी प्लॉट केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार 500 मीटर के अन्दर कोई आबादी नहीं होना चाहिए, लेकिन तारपुरा गांव 50 मीटर के अंदर ही बसा है। जो कि गाइडलाइन का उल्लंघन है। बीते चार-पांच दिन से क्षेत्र में नाक और आंखों में जलन, खांसी, गला सूखने की शिकायतें बढ़ गई है। जब तक हवा में भारी धातुओं और कैंसर कारक डाइऑक्सिन तथा फ्यूरान की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाती, तब तक कोई और परीक्षण नहीं होना चाहिए। समिति ने राख के परीक्षण की रिपोर्ट भी सार्वजनिक करने की मांग की है। हिरोले ने कहा कि मप्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (एमपीपीसीबी) द्वारा मीडिया में जारी पहली ट्रायल रिपोर्ट में भोपाल जहरीले कचरे में मौजूद अत्यंत घातक न्यूरोटोक्सिन मर्करी जो 2015 की रिपोर्ट में सामान्य से 700 से 900 गुना मात्रा है का। उसका रिपोर्ट में जिक्र ही नहीं किया गया है। मर्करी को किस विधि से कितनी मात्रा में स्थिर किया गया यह भी रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। मर्करी की कितनी मात्रा लैंडफिल में डाली गई किस क्वालिटी के मर्करी फिल्टर को कहां दफनाया गया यह भी नहीं बताया है। 340 डिग्री पर मर्करी गैस में कन्वर्ट होता है।

# नरेन्द्र कुमार भिलाला को मिली 20 हजार रूपये की सहायता राशि

**बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान**

राजगढ - खुजनेर निवासी नरेन्द्र कुमार भिलाला पिताजी का अकस्मिक निधन हो जाने के कारण परिवार के पालन पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही परिवार की आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। जिस पर कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा रेडक्रॉस से 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।



# बालाघाट मे बढ़ साइबर धोखाधड़ी के मामले, शिक्षित बेरोजगार युवा, व्यापारी वर्ग, महिलाएं, गेम खेलने वाले बच्चे भी हो रहे है शिकार, ऐसा क्या करें कि बचा जा सके साइबर धोखाधड़ी से ?

केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो बालाघाट की ख़ास खबर

दीपक बंशपाल

ऑनलाइन लेनदेन बढ़ने के साथ ही साइबर अपराधी भी नए-नए तरीके अपना रहे हैं. लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, कुछ सावधानियों से आप खुद को साइबर फ्रॉड से बचा सकते हैं. आइए आपको बताते हैं कि आप साइबर फ्रॉड को कैसे पहचान सकते हैं साइबर फ्रॉड आजकल बहुत आम हो गया है. आपने कई ऐसे मामले सुने होंगे, जहां लोगों के साथ ऑनलाइन स्कैम हुआ. स्कैमर्स अलग-अलग तरीकों से लोगों के साथ फ्रॉड करने की कोशिश करते हैं. ऑनलाइन लेनदेन बढ़ने के साथ ही साइबर अपराधी भी नए-नए तरीके अपना रहे हैं. लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, कुछ सावधानियों से आप खुद को साइबर फ्रॉड से बचा सकते हैं. आइए आपको बताते हैं कि आप साइबर फ्रॉड को कैसे पहचान सकते हैं.

आप ठान लें कि कभी भी अनजान कॉल या मेसेज पर ह्रञ्जक्क शेयर नहीं करेंगे। नतीजा यह होगा कि आप अपने बैंक अकाउंट,मोबाइल, लैपटॉप को हैक होने से बचा सकेंगे। साथ ही, साइबर स्कैम के कई अन्य खतरों से बचे रहेंगे। ह्रञ्जक्क यानी ह्रठ्ठद्ग ञ्जद्बद्वद्ग क्क्रड्डह्यह्य2शह्म्स्र ऐसा सेफ्टी फीचर है जो किसी खाते, वेबसाइट या ऐप में लॉगिन करने या किसी महत्वपूर्ण लेन-देन को वेरिफाई करने के लिए भेजा जाता है। इसे कभी भी किसी अन्य के साथ शेयर नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह आपकी ऑनलाइन सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। यदि आपसे कोई अनजान ह्रञ्जक्क मांगता है, तो उसे बिल्कुल साझा न करें, क्योंकि यह खतरे का अलार्म है।




### 10 ऐसे मध्य जिनका ध्यान में रखकर आप धोखाधड़ी से बच सकते हैं

1. मजबूत पासवर्ड बनाएं - अपने सभी अकाउंट्स के लिए अलग-अलग और मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें. पासवर्ड में अक्षर, संख्या और विशेष चिन्हों को शामिल करें.

ऑनलाइन जोइनिंग संबंधित कॉल लेटर मोबाइल पर भेजे जा रहे हैं, और अलग-अलग विभागों के नाम से लोबो लगाकर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भी धोखाधड़ी में शामिल किया जा रहा है, जॉइनिंग के नाम पर कहीं 5000 तो कहीं 10000 तो कहीं पास आए ?50000 की राशि जमा कर देने को कहा जा रहा है। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि मोबाइल से किसी प्रकार की कोई जॉइनिंग नहीं होती, इसके लिए हमें एग्जाम देनी होगी एग्जाम में पास होना पड़ेगा इंटरव्यू देना पड़ेगा उसके पश्चात थी किसी प्रकार की जॉइनिंग होती है।

2. पब्लिक वाई-फाई से सावधान रहें - पब्लिक वाई-फाई पर संवेदनशील जानकारी जैसे बैंकिंग डिटेल्स या पासवर्ड शेयर न करें.

3. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें - किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच लें.

4. अपने डिवाइस को अपडेट रखें - अपने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिवाइस को हमेशा अपडेट रखें.

5. एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें - एक अच्छे एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें और इसे नियमित रूप से अपडेट करें.

6. टू-फैक्टर ऑथेटिकेशन का इस्तेमाल करें - जहां भी संभव हो, टू-फैक्टर ऑथेटिकेशन (ञ्ज2श- स्नड्डष्ह्लशह्म् ्रह्वह्लद्धद्गठ्ठह्लद्बष्ड्डह्लद्बशठ्ठ) का इस्तेमाल करें. इससे आपको साइबर फ्रॉड से बचने में मदद मिलेगी.

7. पर्सनल डिटेल्स शेयर न करें - किसी भी अजनबी के साथ अपनी पर्सनल डिटेल्स शेयर न करें.

8. फिशिंग हमलों से सावधान रहें - फिशिंग हमलों में आपको फर्जी वेबसाइट या ईमेल के माध्यम से आपकी पर्सनल डिटेल्स देने के लिए कहा जाता है.

9. सोशल मीडिया पर सावधान रहें - सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को मजबूत बनाएं और अजनबियों से सावधान रहें.

10. जागरूक रहें - साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक रहें और अपने परिचितों को भी इस बारे में बताएं. इसके अलावा 1930 पर कॉल करके, या राष्ट्रीय साइबर अपराध की वेबसाइट पर जाकर भी ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज की जा सकती है।

# बालाघाट आग से 45 प्रतिशत झुलसी गर्भवती महिला का डॉक्टरो ने जटिल प्रसव कराने में पायी सफलता

## जिला अस्पताल के डॉक्टर्स के दल ने किया ऑपरेशन,माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ

केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो

दीपक बंशपाल



बालाघाट शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के दल ने एक जटिल प्रसव कराने में महत्वपूर्ण उपलब्धि पायी है। जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार बैहर की 45 प्रतिशत झुलसी महिला का 27 फरवरी को सफलतापूर्वक प्रसव कराया गया है। चिकित्सकीय दल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे के नेतृत्व में ऑपरेशन के जरिए सुरक्षित प्रसव कर महिला एवं बच्चे को सुरक्षा प्रदान की। अब माँ और नव जन्मे बालक दोनों स्वस्थ है। प्रसूता फिल्हाल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज पाण्डेय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.परेश उपलप,सिविल सर्जन डॉ.नीलय जैन ने चिकित्सकीय दल को इस उपलब्धि पर सराहना करते हुए बधाई दी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज पाण्डेय ने बताया कि ग्राम मोवाला विकासखण्ड बैहर की गर्भवती महिला को 15 फरवरी को 45 प्रतिशत आग से झुलसी अवस्था में चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। महिला एनीमिक थी। प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव के लिए सर्जरी विभाग में उचित प्रबंधन किया गया। प्रसूता ने 27 फरवरी को 2.9 किलो ग्राम वजन के स्वस्थ बच्चे का जन्म दिया है। 45 प्रतिशत झुलसी महिला का सफल प्रसव चुनौती भरा काम था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन के मागदर्शन में मेडिसीन विभाग, सर्जरी विभाग गायनी विभाग तथा नर्सिंग विभाग ने संयुक्त कार्ययोजना बनाकर कार्य किया। प्रसव में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष बांगरे, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ.अंकित राना, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ.डी.डोंगरे तथा नर्सिंग स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सांसद ने किया प्रधानमंत्री जन ओषधि केंद्र का निरीक्षण

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ़/पचोर** - आमजन को सस्ते मे उत्तम दवाई मिल सके इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र प्रारम्भ किये है देश भर मे इसका संचालन हो रहा है और लोग इसका लाभ भी ले रहे है सांसद रोडमल नागर ने शुक्रवार को पचोर मे अश्विन (आशु) जैन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन ओषधि केंद्र के निरिक्षण अवसर पर कही। वही कहा कि स्वास्थय सेवाओं के प्रति हमें जागरूक रहना चाहिए प्रधानमंत्री ने हमारे देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उतरोत्तर सुधार किया है । हम सभी को प्रधानमंत्री द्वारा खोले गए जन ओंषधी केंद्र का लाभ लेना चाहिए और सस्ते मे दवाई खरीदनी चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित रघुराज राणा सीताराम लहरी मनीष मन्नू यादव संजय तिवारी संतोष अग्रवाल राम धाकड़,विक्की जायसवाल संजय सोनी डॉ विश्वास मोंटी कुशवाह सहित भाजपा कार्य कर्ता गण उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत आज : जेपी राठौर

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



श्योपुर! म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशानुसार 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है! नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू,कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू 10 अशवशक्ति भारत के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी!

मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार प्रीलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाई चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी! लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिसंबर की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी! आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एक मुस्त भुगतान करना होगा! उपभोक्ता का विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन के विरुद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित योजनाओं के विरुद्ध बकाया राशि यदि कोई हो का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा! नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी अथवा अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी!विद्युत चोरी या अनाधिकृत उपयोग में प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत अथवा अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता यह उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे! सामान्य विद्युत देयको के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी!यह छूट 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में दी जा रही है, छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी! यह छूट में 8 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी!अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जाएगी!

# थाना बोडा पुलिस द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ़** - जिले में अवैध गतिविधियों और फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। उक्त आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ उपेंद्र सिंह भाटी के मार्गदर्शन में थाना बोडा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गुरुवार को मुखबिर से सूचना पर थाना बोडा के गंभीर अपराध क्रमांक 174/21 और 106/23 में चार वर्षों से फरार आरोपी कड़िया से पचोर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम ने ग्राम पिपलिया रसोड़ा में एंबुश लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा सहित निम्न पुलिसकर्मियों की विशेष भूमिका रही आरक्षक 823 कपिल अटारिया आरक्षक 334 दुष्यंत जाट आरक्षक 922 सुनील सोलंकी आरक्षक 681 मुलायम सिंह यादव आरक्षक 685 धर्मवीर रविंद्र मुजाल्दे

थाना बोडा पुलिस की इस तत्परता और सक्रियता से फरार अपराधियों के विरुद्ध कड़ा संदेश गया है तथा जिले कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सफलता प्राप्त हुई है।

# रीवा की समान थाना पुलिस ने हांका अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थान मे शराब पीने एवं पिलाने वालो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की कार्यवाही

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षकरीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी.विकास कपीस एवं उनकी टीम ने हांका अभियान चलाकर समान तिराहा एवं उसके पास स्थित शराब दुकान के आस पास सार्वजनिक स्थान पर चना एवं अन्डे के ठेलो मे अनाधिकृत रूप से शराब पीने एवं पिलाने वालो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विकास कपीस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना भ्रमण के दौरान हांका अभियान चलाकर समान तिराहा के पास स्थित शराब दुकान के आस पास सार्वजनिक स्थान पर चना एवं अन्डे के ठेलो मे अनाधिकृत रूप से शराब पीने एवं पिलाने वालो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत 07 अपराध पंजीबद्ध किया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस, उनि. मुन्नालाल, सउनि. ब्रृजेश सिंह, प्र.आर.902 रविकान्त, आर 1114 दीपक, आर.76 मकरध्वज एवं अन्य स्टाफ की मगत्वपूर्ण भूमिका रही।

# होलाष्टक् क्या ; इस वजह से इन आठ दिनों को माना जाता है अशुभ..!

## ज्योतिर्विद बोहरा के मुताबिक अधिकाधिक करें महामृत्युंजय का जाप

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**बीकानेर।** होली से आठ दिन पहले से होलाष्टक लग जाता है। होलाष्टक के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। होलाष्टक को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के दौरान सभी ग्रह क्रूर अवस्था में होते हैं। इसलिए किसी भी शुभ कार्य की मनाही होती है। इस बार होलाष्टक 7 मार्च 2025 शुक्रवार से लग गए हैं। संभाग मुख्यालय बीकानेर के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद भैरव रतन बोहरा ने इस संबंध में बताया कि होलाष्टक को क्यों अशुभ माना जाता है और इस दौरान कौन से ग्रह क्रूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा होलाष्टक को लेकर ज्योतिषीय मान्यता है और पौराणिक कथा भी। साथ ही होलाष्टक के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इस संबंध में भी जानकारी दी। ज्योतिर्विद बोहरा के मुताबिक होलाष्टक 7 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च को होलिका दहन के साथ समाप्त होगा। इससे अगले दिन यानी 14 मार्च को रंग वाली होली मनाई जाएगी। होलाष्टक के आठ दिन अलगङ्कअलग ग्रह क्रूर अवस्था में रहते हैं। अष्टमी तिथि के दिन चंद्रमा, नवमी तिथि के दिन सूर्य देव, दशमी तिथि के दिन शनि महाराज, एकादशी तिथि के दिन शुक्र देव, द्वादशी तिथि के दिन देवगुरु बृहस्पति, त्रयोदशी तिथि के दिन बुध, चतुर्दशी तिथि पर मंगल और पूर्णिमा पर राहु क्रूर हो जाते हैं। इन 8 दिनों में कोई भी नई वस्तु की खरीदारी भी नहीं की जाती है।



होलाष्टक में क्या करना चाहिए और क्या नहीं.. ?

पंडित बोहरा के मुताबिक होलाष्टक में ग्रहों के अशुभ प्रभाव को कम करने के लिए पूजा पाठ अधिक से अधिक करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि होलाष्टक के दौरान भगवान विष्णु, नरसिंह भगवान और हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना करनी चाहिए। इसके अलावा इन आठों दिनों तक महामृत्युंजय मंत्र का जप भी करना चाहिए। साथ ही होलाष्टक के दौरान शादी, मुंडन, ग्रह प्रवेश जैसे शुभ कार्यों को नहीं करना चाहिए। इस दौरान कोई भी दुकान, प्लॉट आदि संपत्ति की खरीदारी नहीं करनी चाहिए।

**होलाष्टक को क्यों मानते हैं अशुभ..?** होलाष्टक को लेकर शिव पुराण में कथा वर्णित की गई है। कथा के अनुसार, तारकासुर का वध करने के लिए भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह होने जरुरी थी। क्योंकि, उस असुर का वध शिव पुत्र के हाथ से होना था। लेकिन, देवी सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन थे। सभी देवताओं ने भगवान शिव को तपस्या से जगाना चाहा। इस काम के लिए कामदेव और देवी रति को बुलाया गया। इसके बाद कामदेव और रति ने शिवजी की तपस्या को भंग कर दिया और भगवान शिव क्रोधित हो गए। शिवजी ने अपने तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। जिस दिन भगवान शिव से कामदेव को भस्म किया उस दिन फाल्गुन शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि थी। इसके बाद सभी देवताओं ने रति के साथ मिलकर भगवान शिव से क्षमा मांगी। भगवान शिव को मनाने में सभी को आठ दिन का समय लग गया। इसके बाद भगवान शिव ने कामदेव को जीवित होने का आशीर्वाद दिया। इस वजह से इन आठ दिनों को अशुभ माना जाता है।

# रीवा में बस पर हमला करने वाले आरोपियों को थाना चोरहटा पुलिस ने चंद घंटों के अंदर किया गिरफ्तार, बस में पत्थरबाजी करने से चिकित्सक की हुई थी मौत

## सिरमौर अस्पताल में पदस्थ था चिकित्सक चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने टीम के साथ मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर किया मामले का सनसनीखेज खुलासा

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




मध्यप्रदेश के रीवा जिले में बीते 3 मार्च को अज्ञात युवकों द्वारा चलती बस में अचानक पत्थरबाजी करने से सिरमौर में पदस्थ डॉक्टर की सर में चोट लगने के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए उक्त मामले में आरोपियों की तलाश शुरू की जिसके पश्चात जांच के दौरान 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी राम वैरागी पिता बाबूदास वैरागी उम्र 56 वर्ष निवासी धार रोड इन्दौर हाल चालक इंटरसिटी बस क्रमांक एमपी 07 जेडए 9090 को लेकर नया बस स्टैंड रीवा से इंदौर के लिए रवाना हुआ जिसमें 16 यात्री यात्रा कर रहे थे करीब शाम 6:30 बजे बस सतपुड़ा आईटीआई चोरहटा के सामने पहुंचने पर अज्ञात व्यक्तियों ने दो पत्थर ड्राइवर के सामने के शीशे में मारे जिससे शीशा टूट कर पत्थर अंदर प्रवेश किया बस के केबिन में ड्राइवर सीट के पीछे यात्रा कर रहे डॉक्टर हीरामणि कोरी निवासी पटेहरा रीवा के सिर पर लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही ड्राइवर के नाक में चोट आई दूसरा पत्थर बस की दाहिनी और की खिड़की में लगने से कांच टूट गया बस चालक की सूचना पर मौके पर 100 डायल एफआरबी वाहन मौके पर तत्काल पहुंच कर गंभीर घायल डॉक्टर को एसजीएमएच भर्ती कराया गया एवं चालक राम वैरागी की रिपोर्ट पर थाना चौरहटा में अपराध क्रमांक 114/2025 धारा 296, 115 (2), 351 (2), 324 (4), 125, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इसी बीच घायल की अधिक रक्तस्त्राव के कारण उपचार के दौरान मृत्यु हो गई जिससे प्रकरण में धारा 103 (1), 109, 61(2), 249 (क),238(क) बढाई गई।

उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ रीतू उपाध्याय एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी एवं शहर के सभी थाना प्रभारी, साइबर एवं क्राइम सेल के सभी अधिकारी घटना स्थल पहुंचे काफी पूछताछ पर यह बात प्रकाश में आई कि जय भवानी ट्रेवल्स के संचालक एवं इंटरसिटी ट्रैवल्स के बीच आपसी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के कारण विवाद की स्थिति थी जिससे नुकसान पहुंचाने की गरज से अज्ञात बदमाशों से पत्थर फेकें जाकर अवरोध एवं भय का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों का नाम दिव्यांश सिंह बघेल उर्फ गोलू पिता देवेन्द्र सिंह बघेल उम्र 25 वर्ष निवासी खैरहन थाना सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.), दो नफर विधि विरूद्ध बालक बताया गया है।

उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती डा. रितु उपाध्याय, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी, थाना प्रभारी चोरहटा निरी. आशीष मिश्रा, थाना प्रभारी वि.वि. निरी. हितेन्द्रनाथ शर्मा, थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरी. कमलेश साहू, महिला थाना प्रभारी श्रीमती निशा मिश्रा, वैकुण्ठपुर थाना प्रभारी निरी. विजय सिंह बघेल, निरी वीरेन्द्र सिंह, उनि गौरव मिश्रा उनि0 मृगेन्द्र सिंह उनि0 दीपक तिवारी सायबर सेल उनकी टीम, उनि0 अरविन्द सिंह राठौर थाना प्रभारी कोतवाली, उनि0 प्रशांत शुक्ला चौकी प्रभारी नौवस्ता, एवं सउनि नीरज सिंह, सउनि राजेश तिवारी, प्र.आर. 576 के.पी. आर0 रविशंकर द्विवेदी, आर0 अरूणेन्द्र सिंह, प्र0 आर0 शरद सिंह, आर0 अशीष त्रिपाठी, आर0 मंयक आर0 जितेन्द्र सेन, आर शिवमूर्ती मिश्रा, आर0 पंकज मिश्रा, आर0 नीरज पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बकतरा किरार समाज के युवक के निर्मम हत्या आक्रोशित भीड़ ने किया चक्का जाम दलित परिवारों का आतंक

## पुलिस अमले को सूचना के बाद समय पर नहीं पहुंची जाती तो बच जाती जान युवक की

**बकतरा हरिओम चौहान**



ग्राम बकतरा में अज्ञात आरोपीयो के द्वारा चाकुओं से गोंदकर निस्संहार हत्या दे दिया गया घटना के विरोध में आक्रोशित भीड़ ने चक्का जाम सहित आगजनी की घटनाएं की

सूत्रों से जानकारी प्राप्त बतकरा में एक लडकी से दुराचार की असफल कोशिश करने के बाद उसकी सहज के माता-पिता से मारपीट वाले मामले में इस हत्या की घटना को जोड़कर देखा जा रहा है बता दे की छेड़छाड़ वाले मामले में पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं की थी जिस संबंध में लोगों का कहना है कि इस मामले से हरिजन और वंशकार समाज के अपराधी मानसिकता वाले युवक के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने उक्त हत्या की घटना को अंजाम दिया घटना गुरुवार शुक्रवार के दरमियान राजपूत 1:00 बजे की बताई जा रही है आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए हो और उन्होंने उक्त हत्या की घटना को अंजाम दिया

आरोपियों बुलंद भोंसले का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि आरोपियों ने युवक की निर्मम हत्या कर उसके सब को बाकायदा उसके घर के सामने पटक ले गए और घटना के बाद परिजनों ने वक्र पुलिस चौकी जाकर एक बजे रात को पुलिस को सूचना दी और सुबह घटनास्थल पर उपस्थित भीड़ आकर्षित हो गई और स्टेट हाईवे होशंगाबाद बरेली मार्ग पर चक्का जाम कर दिया वहीं कुछ छोटी-मोटी आगे चली घटना भी हुई पुलिस अमला अगर समय पर पहुंच जाता तो बब्लेश चौहान की जान बच जाती या

फिलहाल ग्राम बतकरा में भारी तादाद पुलिस फोर्सो शास्त्र की टीम मौजूद है और लोगों में शांति वाला अपील की जा रही है वहीं घटना के आरोपियों की धर पकड़ के लिए तमाम तरह के प्रयास पुलिस के द्वारा किए जा रहे हैं पंकज वाडेकर से चर्चा में बताया कि उक्त आरोपी 302 धारा लगाई गई है और तीन व्यक्ति के नाम सामने आए हैं अभी रिपोर्ट का कार्य चल रहा है

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा मेटा ट्रेडर ऐप से शिक्षक के 7.11 लाख रुपए ठगे, 6 आरोपी गिरफ्तार

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**




आलोट में एक निजी स्कूल के शिक्षक से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 7 लाख 11 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं।

आरोपी इंदौर, देवास और भोपाल के रहने वाले हैं। शिक्षक पुष्कर पाटीदार को एक महिला ने फोन कर खुद को पूजा बताया। उसने मेटा ट्रेडर-5 ऐप के जरिए बिजनेस का प्रस्ताव दिया। इसके बाद कई बार फोन पर बातचीत हुई और व्हाट्सऐप पर मैसेज आए। आरोपियों ने शिक्षक को ऐप डाउनलोड करने के लिए एक लिंक भेजा। फिर महिला और अन्य आरोपियों ने अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए। जब शिक्षक ने लाभ के पैसे निकालने की बात की, तो आरोपियों ने और पैसों की मांग की। बाद में सभी ने अपने मोबाइल बंद कर लिए।

थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान के अनुसार, दोनों महिला आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। चार अन्य आरोपी 11 मार्च तक पुलिस रिमांड पर हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को इस मामले की पूरी जानकारी प्रेस वार्ता में दी जाएगी।

# बालाघाट में घटी दिल दहला देने वाली घटना कार में ही जिन्दा जल गया चालक



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना बालाघाट जिले के रामपायली थाना क्षेत्र के पुनी गांव में हुई, जहां एक अल्टो कार पेड़ से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई। हादसे में एक युवक की कार के अंदर जलकर मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग झुलस गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी युवक सिवनी जिले के बरघाट में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही रामपायली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना इतनी ज्यादा दर्दनाक थी कि कर में बैठा एक युवक पूरी तरह से जल गया, वही मौके पर पहुंची पुलिस, आग के कारणों का पता कर रही हैं।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

**बृजमोहन कार्पेंटर केसरिया हिंदुस्तान**



राजगढ़- कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध?यक्षता में शुक्रावार को जिला जल एवं स?वच?छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 35 पुनरिक्षित योजनाओं जिनकी लागत 3509.67 लाख, 03 नवीन योजना जिसकी लागत 92.65 लाख है इस तरह कुल 38 योजनाएं जिनकी कुल लागत 3602.32 लाख है एवं 30 ऐसी योजनाएं जिनकी लागत 10 प्रतिशत की सीमा में होने से पुनरीक्षित प्रशासकीय स?वीकृति की आवश?यकता नहीं है, जिनकी कुल लागत 3253.01 लाख है, पेयजल योजनाओं के क्रियान?वयन हेतु आवश?यक सुझावों के साथ अनुमोदन पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक?टर द्वारा जिले में पेयजल व?यवस?था की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में मुख?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस?वी भी उपस्थित रहे।

# पार्वती-सुठालिया सिंचाई परियोजना एवं रेलवे के लिए परिसंपत्तियों का अधिग्रहण निर्धारित समय पर पूरा किया जाए

**बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान**



राजगढ - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में स?वीकृत पार्वती-सुठालिया सिंचाई परियोजना एवं रेलवे के लिए परिसंपत्तियों के अधिग्रहण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को आयोजित संबंधित अधिकारियों की बैठक में उन?होंने कहा कि उक?त दोनों परियोजनाओं के लिए अवार्ड पारित होने की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक?टर ने कहा कि उक?त दोनों परियोजनाओं के लिए परिसंपत्तियों के अधिग्रहण में अनावश?यक विलम?ब न किया जाए। बैठक में अपर कलेक?टर श्री शिवप्रसाद मण?डराह, एसडीम राजगढ़ रत?नेश श्रीवास?तव सहित परियोजनाओं से जुडे अधिकारी मौजूद थे।

# 54 राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में अग्निशमक प्रशिक्षण आयोजित

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** आज देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन द्वारा 54 राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में अग्निशमक प्रशिक्षण नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस जी राठौड़ के सहयोग एवं परियोजना संचालक श्री अजय मिश्रा जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डी बी सी पी एल परियोजना संचालक श्री अजय मिश्रा ने बताया कि, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ( एम पी आर डी सी) एवं हाइवे कंशेसन का मानना है कि फोर लेन प्रबन्धन एवं टोल प्लाजा आप्रेशन सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सड़क प्रबंधन मे कार्यरत कर्मचारियों का सुरक्षित तथा, स्वस्थ रहना जरूरी है। किसी भी बिजनेस का ग्रोथ सुरक्षित और स्वस्थ कर्मचारियों से ही सम्भव है। 54 राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन अपने कर्मचारियों तथा समाज को सुरक्षा के कई आयामों से प्रशिक्षित कर रही है, जिसमे अग्निशमक प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा प्रशिक्षण, सेफ्टी वाक, गोल्डन सेफ्टी रूल प्रशिक्षण, सुरक्षा ड्रॉइंग एवं सुरक्षा प्रस्नोत्री प्रतियोगिता आदि शामिल हैं। जिला सीहोर नगर पालिका के अग्निशमक प्रशिक्षक स्वदेश विश्वकर्मा जी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं सड़क पर कार्य करने वाले वालंटियर को आग के प्रकार, आग से बचाव, आग लगने पर वर्ती जानें वाली सावधानियों, एवं आग लगने पर उपयोग किए जाने वाले अग्निशमक संसाधनों के बारे में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर सड़क रख रखाव अधिकारी पियुष सिंह, नितिन अग्रवाल, प्लाजा प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह, सुरक्षा अधिकारी , फायर वाहन चालक आरिफ खान, फायर मैन कैलाश मालवीय, सहायक महेन्द्र यादव सी एस आर प्रबंधक आदि सभी कर्मचारी एवं सम्माननीय उपस्थित रहे

# अंधगति से दौड़ता स्कूल वाहन पलटा, बच्चे हुए लहूलुहान

**ओमप्रकाश परमार,**



देवास। इन दिनों शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग की लापरवाही मासूम बच्चों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जिले में कही न कही स्कूल वाहन पलटने एवं दुर्घटनाग्रस्त होने के समाचार मिल रहे है। लेकिन जिम्मेदार फिर भी आंख पर पट्टी बांधकर बैठे है। या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहे है। माता-पिता भी जागरूकता के आभाव में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आवाज नही उठा रहे है।

ऐसा ही एक मामला देवास जिले के अंतिम छोर ग्राम हरणगांव का सामने आया है। जहां हरणगांव के पास एक स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस एवं ग्रामीणों ने सहयोग कर बच्चो को बाहर निकाला। और हरणगांव थाना पुलिस ने घायल बच्चो को खातेगांव अस्पताल पहुँचाया।

थाना प्रभारी शुभमसिंह परिहार ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे हरणगांव के पास कुसमानिया रोड़ पर 15 बच्चो से भरा श्री बालाजी एकेडमी स्कूल का वाहन की क्र. एमपी 13 टीए 1774 अनियंत्रित होकर पलट गई थी। मौके पर हरणगाँव थाना पुलिस एवं आसपास के लोगो की सहायता से बच्चो को बाहर निकाला और गाड़ी को सीधा किया एवं घायल 5 बच्चो को ईलाज के लिए खातेगांव अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपी राजकुमार धुर्वे को अभिरक्षा में लेकर आरोपी से मौके पर से टाटा मेजिक जप्त कर थाना पर सुरक्षार्थ खड़ा किया। एवं आरोपी चालक राजकुमार धुर्वे से पूछताछ की एवं आरोपी से लर्निंग लायसेंस जप्त किया। श्री बालाजी एकेडमी स्कूल प्रबंधक द्वारा अनाधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने के लिए दिया है। सम्पूर्ण जांच से पृथम दृष्टिया आरोपी चालक राजकुमार एवं श्री बालाजी एकेडमी हरणगांव स्कूल प्रबंधक की गलती पाई जाने से अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान में अग्रिम जांच होने पर जो भी तथ्य सामने आयेंगे तदानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## विश्व हिंदू परिषद एवं सामाजिक संगठन द्वारा

# गौ हत्या और गौ तस्करी जैसे गंभीर अपराध जैसे दमोह में बंद का किया था आवाहन

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



दमोह - आज दमोह में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सीता बावड़ी में कुछ लोगों ने गौ हत्या के अपराध को अंजाम दिया है । जब सामाजिक संगठन के लोगों को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया विरोध के दौरान सामाजिक संगठन के लोगों पर फायरिंग की गई ।जिसके बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है दमोह में शुक्रवार 7 मार्च 2025 सुबह कोतवाली थाना के अंतर्गत आने वाले सीता बावड़ी में एक गौ हत्या कर दी गई । जब तक कोतवाली थाना कि पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तब तक अपराधी वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कुछ आरोपियों को पकड़ा है पुलिस ने धारा 307 गोवंश अधिनियम और धार्मिक भावना आहत करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। अपराधियों द्वारा गो हत्या के चलते जिले भर में आक्रोश का माहौल है, व्यापारियों ने मार्केट बंद रखा।

# अधिकारी नहीं नेताओं से सेटिंग की दंभ भर रहे कबाड़ माफिया, क्यों होते-होते थम गई

**कप्तान की ईमानदारी पर नहीं सवाल, माफियाओं के बुलंद होते हौसले से मीडिया में मच रहा बवाल**

**छोटे कबाड़ियों और गुर्गों तक सीमित रह जाती है कार्यवाही, सरगना भर रहा मैनेजमेंट की दंभ**

रिजवान खान

अनूपपुर पुलिस कप्तान की कार्यप्रणाली का भय अनूपपुर के अपराधियों और अवैध कारोबारियों को है, कप्तान के नेतृत्व में कई कार्यवाही भी हुई लेकिन मानो कबाड़ के सरगना तक अनूपपुर पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच पाए और फिर शुरू हुआ कबाड़ माफिया जानू का अनूपपुर की गलियों में दंभ भरने का सिलसिला और ग्रैंड एंट्री हुई कबाड़ के कारोबार में शनि की.. कई वर्षों से पर्दे के पीछे से शनि अवैध कबाड़ कारोबार को संभाल रहा था लेकिन नवागत कप्तान के प्रभार लेने के बाद जब बात कार्यवाही पर आई तो सनी ने फंट फुट पर बैटिंग शुरू की और अब सन्त्री बन चुका है अनूपपुर का आका ओर जानू ने संभागीय स्तर पर शुरु की बल्लेबाजी, इस बीच चर्चा यह निकलकर सामने आ रही है कि अब कानून के लंबे हाथ मुख्य आरोपी कथित सरगना अथवा गुर्गों के आका तक क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं,जबकि हालही में रामनगर में गुर्गे पर मुकदमा दर्ज हुआ जबकि सनी और सहयोगी कार्यवाही से अछूते रहे।





शहडोल/अनूपपुर। अनूपपुर जिले में अपराधियों और माफिया के हौसले अब बुलंद होते नजर आ रहे हैं, हालाकि कप्तान की इमानदारी पर शंका महज मूर्खता ही है क्योंकि अनूपपुर की गलियों में साहब की ईमानदारी के किस्से गुलजार है, जहां नवागत कप्तान के प्रभार लेने के बाद से अपराधियों के मन में डर बैठ चुका था वही आप माफिया जनप्रतिनिधियों से सेटिंग की दंभ भरते हुए दबी जुबान से अप्रत्यक्ष रूप से मानो अधिकारियों को चुनौती दे रहे हैं कि यह हमारा ठिकाना हमारा क्या बिगाड़ लेगा जमाना, इसमें गलती महज जिम्मेदार अधिकारियों की नहीं अपितु उन जनप्रतिनिधियों की भी है जो अपराधियों को संरक्षण देने फोन घनघनाने से गुरेज नहीं करते, अब सवाल यह उठता है कि यदि अवैध कबाड़ का कारोबार अनूपपुर पूरे जिले में गुलजार है तो उसे संरक्षण दे कौन रहा है ऐसा नहीं है कि पुलिस ने कार्यवाही की जहमत नहीं उठाई पर कार्यवाही एक लंबे समय से गुर्गो तक सीमित रह जाती है या तो सरगना पर होने वाली कार्यवाही ठंडे बस्ते के हवाले कर दी जाती है।

**कबाड़ के आड़ में अवैध कारोबार :** अनूपपुर जिला कोल संपदा के मामले में धनी है कई खदानें यहां कोल खनन के लिए खुली और कोल समाप्त होने के बाद बंद हो गई बंद पड़ी इन खदानों से बड़े पैमाने पर माफिया हेवी मशीन की कलपुर्जे, उपकरण मशीनरी और गाटर आदि की चोरी करवाते हैं और फिर यही चोरी का सामान कबाड़ की आड़ में जबलपुर खपाया जाता है, इसके अलावा चोरी की मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन,दो पहिया वाहन,हैंडपंप, समर्शियल,चालू विद्युत लाइन की तांबे और पीतल की तारे आदि भी कथित कबाड़ माफियाओं की प्रमुख निशाना होती हैं।

**पुलिस ने शुरू की थी मुहीम:** नवागत पुलिस कप्तान मोतिउर रहमान ने प्रभार लेने के बाद कबाड़ के आड़ में चल रहे चोरी के इस कारोबार पर कार्यवाहियां शुरू करवाई तो मानो चोरी और अवैध कबाड़ का कारोबार लगभग थम सा गया और सरगनाओ के हाथ पैर ठंडे पड़ गए लेकिन न जाने समय के साथ ऐसी क्या बात हुई की कारोबार पुनः अनूपपुर जिले में दुगनी रफ़्तार के साथ उसी ठिकाने से शुरू हुआ जहां पुलिस ने दबिश दी थी कप्तान का सख्त रवैया ऐसा था कि सरगना पर भी मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन सरगना को निस्तेनाबूत करने और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई, कुछ लोग इसे हाईलेवल का मैनेजमेंट बताते हैं तो कुछ लोग इसे अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव, अब हकीकत क्या है इसकी पुष्टि हम नहीं करते लेकिन गुलजार कारोबार कई सवालों को जन्म दे रहा है।

**दोगुनी रफ्तार के साथ अवैध कारोबार :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिसिया कार्यवाही और कप्तान का डर समाप्त होने के बाद कथित सरगना जानू ने कई गुना बड़े पैमाने पर कारोबार प्रारंभ किया इस बीच रामनगर थाने की कमान जब कप्तान ने थाना प्रभारी सुमित कौशिक को सौंपी तो थाना प्रभारी ने अवैध कबाड़ कारोबार कर रहे गर्ज आशीष को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया, फिर मामले में एक बार कथित सरगना का नाम सामने आया लेकिन कानून के लंबे हाथ उस तक नहीं पहुंच पाए। और अब आलम यह है की सरगना को कैमरे और प्रशासन का बिल्कुल भाई नहीं है सूत्र बताते हैं कि प्रतिदिन 60 से 120 टन माल रायपुर और जबलपुर अलग-अलग रास्तों से भेजा जा रहा है तो वही अनूपपुर जिले में नए माफिया सनी का उदय हुआ है।

**कोयलांचल में फैला है नेटवर्क :** सूत्रों की माने तो कथित माफिया बंधु ने अनूपपुर के कोयलांचल क्षेत्र में अपना नेटवर्क फैला रखा है, हाल ही में लोकल समाचार यूट्यूब चौनल द्वारा अपने खुलासे में विस्तार के साथ गोदाम के विजुअल दिखाए गए थे जिसमें बड़े पैमाने में नियम विरुद्ध मशीनरी और कल पुर्जों का भंडारण स्पष्ट दिखाया गया, बाद इसके भी पुलिस के कान में जू नहीं रेंगी जो या तो मैनेजमेंट की मियाद की पुष्टि करती है या फिर राजनीतिक दबाव की परिचायक साबित हो रही है।

**औंधे मुंह गिरा माफियामुक्त अभियान:** लगातार माफियाओं के बुलंद होते हौसले और पुलिस का कम होता कद कहीं ना कहीं इस बात का परिचायक साबित हो रहा है कि प्रदेश में चल रहा माफिया मुक्त अभियान अनूपपुर जिले में औंधे मुंह गिर गया है ऐसे में विधायक से लेकर मंत्री तक प्रदेश सरकार के माफिया मुक्त अभियान के औंधे मुंह गिरने को लेकर अधिकारियों को जवाब तलब क्यों नहीं कर रहे हैं यह भी एक बड़ा सवाल है, आलम यह है कि अवैध कबाड़ के कारोबार से कमाई गई अकूत संपत्ति से बड़े-बड़े गोदाम तो ठीक जिला मुख्यालय में हवेलियां खड़ी की गई है।

### इनका कहना है



जानकारी आपके माध्यम से संज्ञान में आई है मै तत्काल अनूपपुर पुलिस कप्तान को कार्यवाही हेतु निर्देशित करती हूं, वैसे आई.जी. साहब भी परसों छुट्टी से लौट आएंगे आप उनसे भी संपर्क कर लीजियेंगा।

**श्रीमती सविता सुहाने**
**प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक/ डी.आई.जी. शहडोल जोन**

## शहडोल में पदस्थ महिला अधिकारी, कर्मचारी निभा रही अपनी महती भूमिका

**महिलाएं स्वास्थ्य, पुलिस सेवा सहित हर क्षेत्र में लहरा रही अपना परचम**

**शहडोल।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। महिला दिवस का उद्देश्य समाज में महिलाओं के समान अधिकारों, अवसरों और सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाना है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता से यह साबित किया है कि वे किसी भी कार्य में पुरुषों से कम नहीं हैं। आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य हो, पुलिस सेवा, खेल, अंतरिक्ष, व्यापार, राजनितिक, पुलिस आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में पुरूषो के साथ कदम से कदम मिलाकर देश, विदेश में परचम लहराकर अपना योगदान दे रही है। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा भी लाड़ली बहना योजना, सरकारी पदों में आरक्षण, स्व सहायता समूहों के द्वारा महिलाओं को लखपति बनाना जैसे अन्य विषेष कार्य निरंतर किये जा रहे है। थाना यातायात प्रभारी सूबेदार प्रियंका शर्मा



ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र चाहे वो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, खेल, जिसमें जो महिलाओं की उपलब्धियां हैं जिसमें महिलाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को संदेश देना चाहूंगी कि सभी महिलाएं सर्वप्रथम अपने उत्थान और अपनी सुरक्षा के लिए सजग रहे। आज भी अधिकांश परिवार में महिलाओं को स्वयं निर्णय लेने के अधिकार नहीं है उन्हे आजादी नहीं है, इसके लिए हमें यह प्रयासरत करना चाहिए कि समाज में जो सशक्त एवं जागरूक महिलाएं हैं वो अन्य महिलाओं के समाज में स्थिति बेहतर करने के लिए संकल्पित रहे और प्रयासरत रहें। महिलाओं के लिए एक सुरक्षित समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब इसकी नींव हम अपने घर से रखें, हम अपने घर में अपने परिवार में अपने बच्चों को चाहे बेटा हो या बेटी उन्हें शुरू से अच्छे संस्कार दें जिससे कि भविष्य में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सके। जिला क्षय केंद्र शहडोल में एसडीएस के पद पर पदस्थ प्रियंका शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जब भी अवसर मिले वह आगे बढ़ती रहे महिलाएं, समाज में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं पहले उन्हें मौका नहीं मिल रहा था अब उन्हें मौका मिल रहा है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो चाहे खेल का क्षेत्र हो, अंतरिक्ष हो सभी क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं जिसमें से हमारे देश की महिलाएं जैसे इंदिरा गांधी, सरोजिनी नायडू और शहडोल की पूजा वस्त्रकर जो खेल के क्षेत्र में बहुत आगे तक गई है। अंजली मिश्रा महिला आरक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हर महिला को आत्मनिर्भर और आत्म विश्वास से भरपूर होना चाहिए हमें अपने अधिकारों को पहचानना होगा, सुरक्षा के प्रति सतर्क होना होगा, और अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा, लिए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण करें जहां महिलाएं बिना किसी भय के बिना डरे हुए आगे बढ़ सके और अपने सपने को साकार कर सकें। जिला क्षय केंद्र शहडोल नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पदस्थ कहकशा फातमा ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के युग में महिलाएं हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो चाहे वह राजनीति के क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में हो या चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में हो महिलाएं हर जगह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर अपने कार्य का निर्वहन कर रही हैं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे वह अपने परिवार एवं स्वयं के दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर रही हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**शहडोल।** विश्व महिला दिवस 2025 की थीम पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कल्याणपुर शहडोल में स्वच्छ्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायक है, बल्कि पूरे समाज में स्वच्छता और जागरूकता की एक सकारात्मक लहर भी पैदा करता है। कार्यक्रम में स्टाफ के द्वारा बृद्धा आश्रम कल्याणपुर में रहने वाले बुजुर्गों को फल और कपड़े वितरण किया गया। उनके साथ कुछ पल बिताये और बुजुर्गों से बातचीत करते हुए उनके मदद के लिए हमेशा उपस्थित रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रणव कपूर जिला अग्रणी प्रबंधक अमित चौरासिया, क्षेत्रीय कार्यालय के स्टॉफ और आरसेटी स्टॉफ उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक का थाना ब्यौहारी का आकस्मिक निरीक्षण और स्थानीय निवासियों से चर्चा

**शहडोल।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना ब्यौहारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आकस्मिक भ्रमण के दौरान थाना पर दर्ज एफ.आई.आर. के निराकरण की समीक्षा की गई, इसी प्रकार थाना पर आने वाली शिकायतों और उन पर सुनवाई की गुणवत्ता की समीक्षा कर त्वरित और वैधानिक निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही साथ थाना के सामान्य कामकाज की समीक्षा कर तैनात कर्मचारियों से उनके द्वारा बीट प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाकर अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरूस्कृत और कार्य में लापरवाही प्रदर्शित करने वाले कर्मचारियों को



दंडित किया गया। निरीक्षण के बाद थाना ब्यौहारी के स्थानीय नागरिकों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई एवं सुझाव प्राप्त किये गए। इस दौरान एसडीओपी ब्यौहारी एवं थाना ब्यौहारी का पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## डिप्टी कलेक्टर ने सुगम्य यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शहडोल।** डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का ने दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराये जाने हेतु सुगम्य शहर भ्रमण कार्यक्रम हेतु सुगम्य यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग सुश्री प्रज्ञा सिंह मरावी, दिव्यांग बच्चे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

## 10 प्रकरणों में 4500 रूपये की शास्ति अधिरोपित

**शहडोल।** प्रथम अपीली अधिकारी जिला योजना अधिकारी, शहडोल द्वारा म.प्र. लोक सेवा गारण्टी अधिनियम 2010 अन्तर्गत योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की अधिसूचित सेवायें (18.1) जन्म का अप्राप्यता प्रमाण-पत्र प्रदाय करना को निर्धारित कालावधि में पदाभिहित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नही कराने के कारण म0प्र0 लोक सेवाओ की गारंटी (संषोधन) अधिनियम 2011 अंतर्गत धारा 07 का संशोधन, मूल अधिनियम की धारा 7 में, उपधारा (4) कि पश्चात (ख) अनुसार उक्त प्रकरणो में विलम्ब हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद खांड के तीन प्रकरणों पर 1500 रूपये, ग्राम पंचायत जमुई, जमुनिहा, बरहाटोला, उधिया, सारंगपुर के सचिवों पर 500-500 एवं ग्राम पंचायत मोहतरा एवं नवाटोला के सचिवों पर 250-250 रूपये की राषि अधिरोपित किया गया है। इस प्रकार कुल 10 प्रकरणो में 4500 रूपये की शास्ति अधिरोपित किया गया है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देश की आधी आबादी को कैट का सलाम

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने बताया सतना देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था ?कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया टेंडर्स टीम कैट महिला शाखा सतना ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मातृ शक्ति पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मेहनत करने वाली साहसी महिलाओं का बिरला रोड स्थित गल्ला मंडी के मंदिर प्रांगण में सम्मान किया।



कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष मोनिका अवस्थी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैट महिला शाखा उन महिलाओं का सम्मान कर रही है जो विषय परिस्थितियों में मेहनत मजदूरी कर अपने घर परिवार का भरण पोषण कर अपने बच्चों का लालन-पालन कर रही है। दीप्ति ओझा ने कहा कि स्वयं की शिक्षा दीक्षा ना होने के बावजूद हालतों से मुकाबला करना अपने बच्चों को पढ़ाना लिखाना साहस का काम है घर से बाहर निकल कर कार्य करना, ये कार्य हिम्मत वाली महिला ही कर सकती है, हम इनकी बहादुरी को सलाम करते हैं।

मोना चोपड़ा ने बताया कि हम स्वयं व्यापार करते हैं घर, बच्चे और व्यापार सब सम्भालना एक चुनौती है जिसे देश की आधी आबादी ने स्वीकार किया है, हमें इनके जज्बे पर गर्व है टीम कैट ऐसी बहादुर महिलाओं को सलाम करती हैं। कैट द्वारा रमनिया साकेत,संतोषिया रावत,कौशिल्या साकेत,कुसिमिया रावत,बेला साकेत महिला हम्माल का शाल, माला, गिफ्ट भेंटकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर गल्ला मंडी के मन्दिर प्रांगण में मातृ शक्ति, मोनिका अवस्थी, मोना चोपड़ा, दीप्ति ओझा,श्रद्धा गुप्ता बड़ेरिया,मधुरिमा द्विवेदी गीता देवी,कोशिल्या देवी,शुशीला देवी, रानू साकेत महिला हम्माल अध्यक्ष, मुन्नी देवी एवं कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजू पटनहा, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एशो अध्यक्ष मनोज शर्मा,अशोक दौलतानी, मनोहर वाधवानी, अभिषेक जैन,

जितेंद्र साबनानी, विनोद द्विवेदी,घनश्याम दास सोनी, संजय बड़ेरिया,राम जी पांडे,रज्जन यादव, श्याम सुंदर गुप्ता, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

श्रद्धा गुप्ता बड़ेरिया ने कहा कि व्यापारियों की शीर्ष संस्था कैट महिला शाखा मेहनतकश हम्माल महिलाओं का सम्मान कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# ब्लॉक स्तरीय आशा बहुओं के साथ एक दिवसीय समन्वयक बैठक

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

साथी यूपी संस्थाद्वारा बांदा जिले के ब्लॉक नरैनी के नरैनी सीएचसी आशा क्लस्टरमीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ अजय प्रताप विश्वकर्मा एवं बीसीपीम बी एन गिरी आयुष्मानमित्र मलखान जी एवं जिसमें सीएचसी समस्त स्टाफ एनम एवं सभी आशा सहित 80 ने पार्टिसिपेट किया जिला समन्वय जितेंद्र जी के द्वारा साथी उत्तर प्रदेश संस्था के उद्देश्यों के बारे में बताया गया साथी क्की संस्था प्रवासी मजदूर वंचित परिवारों के साथ काम करती है जिसमें संस्था



का मुख्य उद्देश्य है कि प्रवासी मजदूर एवं वंचित परिवार और समुदाय को मुख्य धारा में लाने का प्रयास है फील्ड ऑफिसर ज्ञानदीप जी एवं रेखा जी ने अपना परिचय देते हुए मजदूर भाइयों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया

जन साथी रुकसाना जी एवं नीरज जी एवं बृजेंद्र जी एवं जेएसफ़

# परीक्षा केन्दों का तहसीलदार ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सूरज जायसवाल**

महंगई दतिमा मोड़- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालन को लेकर भटगांव तहसीलदार द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहा परीक्षा को शांति पूर्वक संचालित होना पाया गया। बता दे कि भैयाथान विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बतरा सहित सलका एवं भटगांव परीक्षा केंद्र में शुक्रवार को 10वीं गणित का पेपर के दौरान भटगांव तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र में लगे पुलिस एवं संबंधित प्रभारियों की भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने परीक्षा



केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों की जांच की और केंद्रध्यक्षों एवं ड्यूटी में लगे शिक्षकों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि न हो। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्पक्षता से निभाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाने में प्राथमिकता देवे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष जांच हेतु शिक्षा विभाग के आला अधिकारी, प्रशासन एवं उड़नदस्ता टीम पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति नकल कराने या इसमें सहयोग करने की कोशिश करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित करें।

# नगरीय एवं ग्रामीण के समन्वय से फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का होगा सुचारू संचालन

**अजीत नारायण**

**एमसीबी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत निर्मित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया। साथ ही, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वय से इस प्लांट के सुचारू संचालन के लिए डी-स्लज वाहन की उपलब्धता हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।



**फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का उद्देश्य :** सामुदायिक स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मलीय कीचड़ के उचित प्रबंधन हेतु इस ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया है। इससे सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलीय कीचड़ का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण होगा, जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहेगा एवं संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

**चैनपुर की स्वच्छाग्रही महिलाओं ने साझा की कचरे से कंचन की युक्ति :** जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने चैनपुर स्थित सेग्रीगेशन शेड का औचक निरीक्षण किया, जहां कार्यरत महिलाओं श्रीमती राधिका एवं मोती बाई ने डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य से होने वाली अतिरिक्त आय के बारे में जानकारी दी।

महिलाओं ने बताया कि वे 120 परिवारों से नियमित रूप से अपशिष्ट संग्रहण कर रही हैं। साथ ही, यूजर चार्ज एवं अपशिष्ट विक्रय से होने वाली आय से वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनकी इस पहल की सराहना करते हुए जिला सीईओ ने कार्य को और बेहतर करने पर चर्चा की।

इस निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक राजेश जैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रितेश पाटीदार, ब्लॉक समन्वयक प्रभा पयासी तथा ग्राम पंचायत चैनपुर के सचिव अनिल सिंह, सरपंच एवं स्वच्छाग्रही उपस्थित रहे।

# युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट दर्ज

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत**-बरखेड़ा।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि दिनांक 26 फरवरी 25 मेरी 18 वर्षीय पुत्री साम 5 बजे घर के पास बाग में धनियां काटने जा रही थी तभी रास्ते में गांव का ही दुर्गपाल मेरी पुत्री के साथ फवतिया कसते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी मना करने पर उपरोक्त युवक ने गन्दी गन्दी गालियां देना शुरू कर दी मौके पर गांव के कुछ लोगो ने मेरी पुत्री को उस युवक के चुंगल से बचाया जानकारी होने पर मैं आरोपी के घर शिकायत करने गया तो मुझे भी गन्दी गन्दी गालियां देते हुए युवक के परिवार वालो ने जान से मारने की धमकी देते भगा दिया।लोक




लाज के डर से मैंने कही शिकायत नही की परन्तु उपरोक्त लोग हमारे परिवार को आये दिन धमकियां देते हुए दबंगई दिखा रहे है पीड़ित ने उपरोक्त लोगो के खिलाफ गुहार लगाई है।थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उपरोक्त लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ई-ऑफिस से होगी बेहतर जवाबदेही सुनिश्चित : विश्राम कुमार मीणा

## -ई-ऑफिस के माध्यम से पारदर्शी तरीके से होंगे कार्यालय के कार्य

### कार्यालय के कार्यों को करने में होगी आसानी

**नूंह,** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में ई-ऑफिस की प्रशिक्षण बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ज़िला के सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालय का कार्य सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न कार्यों को न केवल सुगमता से शीघ्र पूरा करने में सक्षम है अपितु सभी के समय की बचत भी करता है। उन्होंने कहा कि



ई-ऑफिस लेखन सामग्री बचाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने सभी विभागों के ज़िला स्तरीय अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य आरम्भ कर कार्यालय की डाक इस माध्यम से भेजना सुनिश्चित करने को कहा।

विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि यह कार्य सरल है। ई-ऑफ़िस का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में डिजिटल कार्यप्रणाली लागू करना है। इसका सॉफ्टवेयर एन.आई.सी. द्वारा विकसित किया गया है। ई-ऑफ़िस से सभी सरकारी कार्यालयों में काम करने से कार्य सुलभता आएगी और कार्य अधिक पारदर्शी बनने के साथ-साथ बेहतर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। ई-ऑफ़िस से कार्यालय का कार्य पेपरलेस होगा, दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी तथा दस्तावेज़ों को खोजने में भी आसानी होगी।

# जन जागरण अभियान के तहत शिक्षकों ने किया जागरूकता अभियान

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) द्वारा 15 मार्च तक चलने वाले जन जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न विद्यालयों एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जागरूकता फ्लेक्सी चस्पा की गई। इस अभियान का नेतृत्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया।इस दौरान सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सिद्दीकी नेशनल इंटर कॉलेज, इकरा गर्ल्स पब्लिक स्कूल, वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर




कॉलेज, जहानाबाद इंटर कॉलेज, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज सहित कई संस्थानों में जाकर शिक्षकों को संगठित किया गया।अभियान के तहत लगाए गए फ्लेक्सी बैनर में पुरानी पेंशन बहाली, धारा 21, 18, 12 की बहाली, वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान वेतन, शिक्षकों पर हो रहे शोषण व उत्पीड़न को समाप्त करने जैसी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही, शिक्षकों के लिए निशुल्क चिकित्सीय सुविधा लागू करने की भी मांग की गई।जिला मंत्री रश्मि यादव ने बताया कि यह संघर्ष लगातार 15 मार्च तक जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए जागरूक किया जाएगा।

# सरगुजा जिला पंचायत में बीजेपी का परचम, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कब्जा

**अजीत नारायण**

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए आज हुए निर्वाचन में भाजपा समर्थित निरूपा सिंह जिला पंचायत की अध्यक्ष चुनी गई हैं वहीं उपाध्यक्ष पद पर देवनारायण यादव को निर्वाचित घोषित किया गया। दोनो ही पदों के लिए कांग्रेस समर्थित सदस्य भी मैदान में थे जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित शिवभरोस बेक व उपाध्यक्ष पद के लिए अनिमा केरकेट्टा ने भी नामंकन भरा था दोनों पदों के लिए अलग-अलग



समय पर मतदान की प्रक्रिया हुई जिसमें निरूपा सिंह को 9 व शिवभरोस को 5 मत मिले वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए देवनारायण यादव को 11 जबकि अनिमा केरकेट्टा को 3 मत मिले। इस प्रकार सरगुजा जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर बीजेपी की जीत हुई। दोनों ही पदों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत होने पर आतिशबाजी कारण ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया गया निर्वाचन के उपरांत निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोनों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जीते हुए दोनों प्रत्याशियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिला पंचायत के सदस्यों और अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने से लेकर विकास के कार्य करेंगे।

# जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक सर्किट हाउस में हुई संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से
राधेश्याम गुप्ता





**बांदा**-जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सांसद बॉदा-चित्रकूट, श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता में एवं जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।


बैठक में सांसद ने विकास कार्यों को पारिदर्शिता, गुणवत्ता एवं समबद्धता के साथ कराये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए सम्बन्धित कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

बैठक में उन्होंने बॉदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं निम्नीनाला में अतिक्रमण की रोकथाम की कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क के किनारे की झाडियों की कटाई का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा बॉदा से बबेरू व कमासिन रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारी को ग्राम पंचायतों में इन्टरनेट की सुविधा से जोडने के कार्य की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल-जीवन मिशन कार्य के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए तोडी गयी सड़कों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने तथा गॉवों में जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति किये जाने वाल गॉवों एवं जल निगम द्वारा तोडी गयी सड़को के मरम्मत कार्य की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुद्रा लोन का लाभ दिलाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। इस सम्बन्ध में एलडीएम ने बताया कि 47 हजार लोगों को मुद्रा लोन का लाभ दिया जा रहा है।

बैठक में अतर्रा रोड एवं मर्का रोड में जल निकासी की समस्या के निराकरण हेतु शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिशाषी अधिकारी को दिये एवं इसके साथ ही सड़कों के किनारे रखी सामग्री को तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी के कार्यों के अन्तर्गत पीएम आवास शहरी के पात्रों को चिन्हांकित करने हेतु योजना का प्रचार-प्रसार कर गरीब एवं पात्रों का चयन कर पारिदर्शिता से आवासों को दिलाये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों का गठन एवं ऋण स्वीकृति करने की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

# कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर के साथ मुठभेड़ के दौरान 1 घायल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



पुलिस स्टेशन कैंटोनमेंट, अमृतसर ने आरोपी सिकंदरबीर सिंह उर्फ सिकंदर निवासी गांव संधरा, थाना भिखीविंड, तरन तारन और अरमानदीप सिंह उर्फ अरमान निवासी गांव लोहारका कलां, थाना कंबो, अमृतसर ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा संख्या 22/25, अपराध 21-सी/61/85 एनडीपीएस और 25(6),(7)/54/59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

उन्हें गिरफ्तार करने के बाद उनके पास से 02 आधुनिक पिस्तौल (01 ग्लॉक 9 मिमी और 01 .32 बोर) 25 राउंड और 285 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। कैंटोनमेंट थाने की पुलिस पार्टी ने मामले के संबंध में गुरप्रीत सिंह पुत्र जसपाल सिंह, निवासी गांव साधरा, तहसील पट्टी, जिला तरनतारन को भी गिरफ्तार किया है। प्राथमिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उसने होली सिटी के नजदीक नाले के पास 01 पिस्तौल छिपाई हुई थी तथा पुलिस पार्टी उसकी पहचान करके पिस्तौल बरामद करने के लिए उसे अपने साथ ले गई थी। जब आरोपी गुरप्रीत सिंह ने अपने द्वारा छिपाई गई पिस्तौल को अपने हाथों से निकालकर पुलिस को सौंपना चाहा तो उसने पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से अचानक पिस्तौल से फायर कर दिया। पुलिस पार्टी ने अपना बहुत अच्छा बचाव किया। जब गुरप्रीत सिंह ने दूसरी बार फायर करना शुरू किया तो पुलिस चौकी गुमटाला, अमृतसर के प्रभारी एएसआई अश्वनी कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए अपने सरकारी हथियार से जवाबी फायर करके अपनी तथा पुलिस पार्टी की रक्षा की। इससे गुरप्रीत सिंह घायल हो गया तथा उसे तुरंत मेडिकल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# पूर्व विधायक गुड्डू पंडित का बिजली कनेक्शन काटा 2.47 लाख का बिल बकाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
विक्रम बाली ब्यूरो



बुलंदशहर में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक गुड्डू पंडित का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है गुड्डू पंडित पर 2.47 लाख का बिजली का बिल बकाया था। पावर कारपोरेशन ने यह कार्यवाही बकाया बिल के भुगतान न होने के कारण की है पूर्व विधायक का बिजली कनेक्शन विमला देवी के नाम पर था। इस कनेक्शन का लोड 8 किलोवाट था। कनेक्शन पर 2.47 लाख का बिल बकाया था। पावर कारपोरेशन ने कई बार नोटिस भेजने के बाद यह कदम उठाया है गुड्डू पंडित के समर्थकों का आरोप है कि यह राजनीतिक उत्पीड़न का मामला है उनका कहना है कि बिना नोटिस के कनेक्शन काट दिया गया हालांकि पावर का कॉरपोरेशन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

पावर कारपोरेशन के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर बिल जमा करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार नोटिस भेजने के बाद भी बिल जमा नहीं किया गया इसलिए नियमों के तहत कनेक्शन काटना आवश्यक था जिस पर कार्यवाही की गई। विधायक के समर्थकों का आरोप बेबुनियाद है क्योंकि बिजली का बिल जमा करना सभी उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक है।पूर्व विधायक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**दबंगई में हरेभरे पेड़ कटवाने का आरोप:** बरखेड़ा।क्षेत्र के गांव कोकिली निवासी ललित मिश्रा ने तहरीर देते हुए बताया है कि मेरे खेत के मिड़वई राजू व उसकी माता ने चोरी से मेरे यूकेलिप्टस के हरे भरे पेड़ काट लिए जब हम ज्ञात हुआ तो हमने रोकने की कोशिश की तभी उन्होंने ठेकेदार द्वारा जबरजस्ती पेड़ कटवा दिए पीड़ित ने तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# विद्यार्थियों में छोटी आयु में ही विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है इंस्पायर अवार्ड का उद्देश्य : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**इन्स्पायर अवार्ड योजना में नूंह जिला के 58 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित - विद्यार्थियों को अपने अपने आइडिया पर मॉडल बनाने हेतु मिलेंगे 10-10 हजार रुपये**

**- राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा सम्मानित**

**नूंह** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इन्स्पायर अवार्ड योजना के तहत हरियाणा प्रदेश के 814 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित हुए हैं इनमें नूंह जिला के 58 विद्यार्थियों के आइडिया शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इन्स्पायर अवार्ड मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत बाल वैज्ञानिकों के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों के अंदर छोटी आयु में ही है विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना है।वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्शित करना है। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा छठी से दसवीं के सरकारी व प्राइवेट स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से इन्स्पायर अवार्ड पोर्टल पर आईडिया अपलोड करने होते हैं जिसका विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा अवलोकन कर नवाचारी आइडिया का चयन किया जाता है। चयनित आइडिया वाले छात्र को 10, हज़ार रुपये उस आइडिया पर मॉडल बनाने हेतु दिया जाता है इसके उपरांत बनाए गए मॉडल का राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अवलोकन किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है।

# धनेगा में गोकशी मामलाः सेहरामऊ पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



देनिक केसरिया हिंदुस्तान
संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी थाना पुलिस ने धनेगा गांव में हुई गोकशी की घटना के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मुकदमा पहले अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस की गहन जांच और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

गोकशी की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाइः दिनांक 04 मार्च 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि धनेगा गांव में अवैध रूप से गोकशी की घटना अंजाम दी गई है। मामले में थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और गुप्त सूचना के आधार पर फत्तेपुर जंगल के पास छापेमारी कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बरामदगी और विधिक कार्रवाईः गिरफ्तार आरोपियों के पास से खून से सनी रस्सी गोकशी में प्रयुक्त धारदार हथियार (छुरी, गडासा) एक कुड्डा, जिस पर खून और मिट्टी के निशान पाए गए बरामद किया गया।

अपराधियों का आपराधिक इतिहासः पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों पर पहले भी गोकशी, जुआ, अवैध शराब और अन्य आपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पुराने रिकॉर्ड की भी जांच शुरू कर दी है।

फरार आरोपी की तलाश जारीः इस मामले में अभी भी एक आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी पकड़कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

पुलिस की कड़ी चेतावनीः पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश पर अवैध गोकशी के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध गोकशी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने अमृतसर बार एसोसिएशन की विजेता टीम का स्वागत किया



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार,

अमृतसर पंजाब जीएसटी प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट नवीन शर्मा और सचिव एडवोकेट मुकेश वर्मा ने जीएसटीपीए के अन्य सदस्यों के साथ एडवोकेट एस गुरप्रीत सिंह पनेसर के नेतृत्व में अमृतसर बार एसोसिएशन की विजेता टीम का स्वागत और सम्मान किया। जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (जीएसटीपीए) के सदस्य अध्यक्ष एस गुरप्रीत सिंह पनेसर और उनकी टीम को हाल के चुनावों में उनकी शानदार और कड़ी मेहनत वाली जीत के लिए हार्दिक बधाई देता है। जीएसटीपीए के सदस्यों ने सर्वसम्मति से चुनाव से पहले एस गुरप्रीत सिंह पनेसर को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

एस गुरप्रीत सिंह पनेसर भी आज अपनी बात रखते हैं और अपने वोट और समर्थन के लिए जीएसटीपीए को धन्यवाद देने आते हैं। यह जबरदस्त उपलब्धि न केवल President पनेसर और उनकी टीम के समर्पण और दृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि कानूनी मजबूती के कल्याण और विकास के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। उनकी जीत उनके दूरदर्शी नेतृत्व और जीएसटीपीए के सदस्यों से अर्जित विश्वास का प्रमाण है। हम इस क्षण अमृतसर बार एसोसिएशन और पेशेवर समुदाय के लिए एक उज्जवल भविष्य को आकार देने में उनके प्रयासों के लिए अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हैं। अध्यक्ष एस गुरप्रीत सिंह पनेसर का नेतृत्व, उनकी टीम के साथ, निस्संदेह एसोसिएशन के भीतर और उससे आगे निरंतर प्रगति और नवाचार को प्रेरित करेगा।

# मां दुर्गा माता मंदिर का स्थापना विशाल भंडारा कन्या भोज का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी





बनीकोडर बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र गांव भोजपुर पोस्ट थोरथिया मजरे सादुल्लापुर में रामविलास वर्मा के द्वारा मां दुर्गा देवी का मंदिर बनवा कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्य क्रम किया गया। हवन पूजन कर कन्याओं के मांथे तिलक लगाकर कन्या भोज के पश्चात भव्य भंडारा किया गया क्षेत्र के भक्तों ने पुड़ी, सब्जी, बूंदी का प्रसाद ग्रहण कर खूब आंनद लिया।इस मौके पर अर्जुन वर्मा, सरजू वर्मा,रमेशचंद्र, हरिनाम, पशुधन प्रसार अधिकारी रामसनेही रावत,डॉ राहुल रावत, वीरेन्द्र वर्मा, जियालाल, रामभवन, शिवपूजन, राममनोरथ गुप्ता, ननकू गोस्वामी, अंकुर,अमित व पत्रकार बंधु सहित क्षेत्र के भक्तजन मौजूद रहे

# आईसीई रॉ शुगर की कीमतें 6-सप्ताह के निचले स्तर पर, कमजोर मांग, भारी डिलीवरी और ब्राज़ील के उत्पादन अनुमान से दबाव

सुरेश भाई ठक्कर दैनिक
केसरीया हिंदुस्तान

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा ढ्ढष्टश्व रॉ शुगर वायदा बुधवार को 0.07 सेंट या 0.4ञ्च गिरकर 18.13 सेंट प्रति पाउंड पर बंद हुई, जो 1-1/2 महीने के निचले स्तर 17.84 सेंट तक पहुंची। बाजार कमजोर मांग, भारी डिलीवरी और ब्राज़ील में संभावित उत्पादन वृद्धि के दबाव में बना हुआ है।

मार्च ह्र्ङ्क वायदा अनुबंध की समाप्ति पर 1.7 मिलियन मीट्रिक टन ढ्ढष्टश्व रॉ शुगर की रिकॉर्ड डिलीवरी हुई, जो सीमित खरीदारों और कमजोर मांग को दर्शाता है। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतें अक्टूबर 2024 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट की ओर बढ़ रही हैं, जिससे इथेनॉल की मांग कमजोर हो रही है और चीनी बाजार पर अतिरिक्त दबाव बना है। आगे, 2025-26 सीजन में ब्राज़ील के उत्पादन में संभावित वृद्धि से ढ्ढष्टश्व रॉ शुगर की कीमतों पर निकट भविष्य में दबाव बना रह सकता है। इस बीच, लंदन व्हाइट शुगर की कीमतें 1ञ्च गिरकर 516.90 प्रति टन हो गईं।

## तुवर-अभी कुछ दिन तेज रहेगी

सुरेश भाई ठक्कर दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

मुंबई कनफेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा मार्च तुवर में स्टॉकिस्टों एवं दाल मिलों की लिवाली बनी हुई है, जिससे बाजार 100 रुपए बढ़कर 7500/7550 रुपए लेमन कालिटी के हो गए हैं। इधर कर्नाटक एवं महाराष्ट्र की नई फसल भी आ रही है, जो घटे भाव में फिर से लीवाली आ गई है, जिस कारण उक्त दोनों राज्यों की मंडियों में लिवाल आ गए हैं तथा बाजार बढ़ गया है आगे यूपी बिहार मध्य प्रदेश की फसल में कोई दम नहीं है, इन परिस्थितियों में वर्तमान भाव की तूबर में आगे चलकर लाभ मिल सकता है। यहां घटाकर बिकवाल आ रहे हैं। यहां महाराष्ट्र कर्नाटक वाले माल 7700/7900 भी बोल रहे हैं, जिसके चलते लेमन तुवर 7500 रुपए प्रति किंटल हो गई है।

# जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ हुआ

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ
जींद हरियाणा



**जींद।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने की। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. मंजू सिंगला, डा. बिजेंद्र ढांडा मौजूद रहे। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस औषिधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी। विशेष रुप से गरीब और वंचित लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगा। इस केंद्र से दवाओं की खरीदारी से खर्च को कम से कम किया जा सकता है। केंद्र पर सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी।

कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि जन औषिधि केंद्र पर 100 से अधिक किस्म की दवाएं व करीब 50 से अधिक सर्जिकल सामग्री भी उपलब्ध है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से बाजार के मुकाबले जेनेरिक दवाओं से रोगियों को 50 से 90 प्रतिशत तक की आर्थिक बचत होगी। उन्होंने कहा कि दवाओं पर खर्च को कम करने के लिए गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए यह केंद्र गरीबों के लिए काफी राहत प्रदान करेगा।

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाए हुए है। इसका लाभ आम लोगों तक सुनिश्चित करने का रोडमैप तैयार किया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। नागरिक अस्पताल की डिस्पेंसरी में न मिलने वाली दवाइयां जन औषधि केंद्र में सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। जन औषधि केंद्र में अच्छी गुणवत्ता वाली दवाइयां बाजार से लगभग 50 से 90 प्रतिशत कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। यह दवाइयां सरकार की ओर से निर्धारित रेटों पर आमजन के लिए उपलब्ध हैं। जन औषधि केंद्र का वर्तमान में खुलने का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक तय किया गया है।

एमएस डा. अरविंद ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को अस्पताल द्वारा ही चलाया जाएगा। कार्यरत औषधाधिकारी ही इस कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए लगाए गए हैं। यहां ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में जन औषधि केंद्रों पर 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध होंगी। जेनेरिक दवा ब्रांडेड दवाओं से सस्ती होती हैं। जेनेरिक दवाएं सीधे खरीदार तक पहुंचती हैं। सरकार इन दवाओं की कीमत खुद तय करती है। जेनेरिक दवाओं का असर, डोज और इफेक्ट्स ब्रांडेड दवाओं की तरह ही होते हैं। फिलहाल जन औषधी केंद्र को अस्पताल प्रशासन स्वयं चलाएगा।

# पढ़े महाविद्याल बढ़े महाविद्याल ,दहेज प्रथा उन्मूलन व नशा मुक्ति को लेकर किया गया जागरूक

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ

कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान



कौशाम्बी ।शुक्रवार को करारी कस्बा स्थित डॉ0 ए एच रिज़्वी डिग्री कॉलेज परिसर में नशा मुक्ति और दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया ।गोष्ठी में कॉलेज के छात्र /छात्राओं, प्राचार्य के अलावा बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया गया। दहेज प्रथा उन्मूलन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ।कॉलेज द्वारा गोद लिए गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

शुक्रवार को डॉक्टर रिज़्वी कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद ज़फ़र दिशा निर्देशन में कॉलेज परिसर में नशा मुक्ति और दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र/ छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद ज़फ़र ने कहा दहेज प्रथा एक ऐसी प्रथा है जो भारतीय समाज में बहुत पुरानी है। यह प्रथा विवाह के समय दुल्हन के परिवार द्वारा दूल्हे के परिवार को दी जाने वाली संपत्ति या धन की राशि को संदर्भित करती है। इसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं ।यह प्रथा महिलाओं को एक वस्तु के रूप में देखती है, जिसे खरीदा और बेचा जा सकता है। इससे महिलाओं की गरिमा और आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है ।कई बार विवाहित महिलाओं को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है ।इससे महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत कष्ट होता है ।इसको रोकने के लिए सरकार ने कई कानून बनाए हैं ।दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अनुसार, दहेज लेना या देना दोनों ही अपराध है इसके अलावा, हमें समाज में भी बदलाव लाने होंगे। समाज के द्वारा महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना होगा ताकि वे अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकें।

इसके बाद उन्होंने नशा मुक्ति के खिलाफ कहा कि नशा मुक्ति एक महत्वपूर्ण विषय है, जो हमारे समाज के लिए बहुत जरूरी है। नशा करने से व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद हो जाती है ।इसके लिए सभी को अहम कदम उठाने होंगे। मौजूदा परिवेश को देखते हुए समाज के लोगों को नशे को जागरूकता फैलानी होगी ।स्कूलों, कॉलेजों, और समुदायों में नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देनी चाहिए ।नशा मुक्ति के लिए हमें नशा करने वाले व्यक्तियों से मिलकर उनको जागरूक करना होगा ।नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना करनी होगी। समाज में भी बदलाव लाने होंगे। इसके लिए हमें नशा करने के प्रति समाज के दृष्टिकोण को बदलना होगा ।नशा करने वाले व्यक्तियों की आलोचना न करके उनको सहानुभूति प्रदान होगा ।इसके बाद महाविद्याल के छात्र/ छात्राओं ने नशा मुक्ति और दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक करके जागरूक किया। साथ ही प्रतिज्ञा किया कि वो नशा नहीं करेंगे। न ही दहेज लेंगे और न दहेज देंगे।

# शिव मंदिर का कराया जीर्णोधार

(केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रायबरेली धर्मवीर यादव)



**सलोन ( रायबरेली )** कोतवाली परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का सौंदरीकरण प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया मंदिर का कायाकल्प होने के बाद एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने फीता काटकर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ रवि पांडे द्वारा किया गया मंदिर का सौंदरीकरण सभी शिव भक्त के सहयोग से यह शुभ कार्य संपन्न हुआ जिससे मंदिर को नई भव्यता मिली है प्रभारी ने अपने परिवार के साथ विधि विधान से पूजन और भंडारे का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जानकारी के मुताबिक कोतवाली परिसर में करीब 100 वर्ष पहले किसी व्यक्ति के द्वारा शिव मंदिर की स्थापना कराई गई थी लेकिन सुंदरीकरण नहीं हो पाया था प्रभारी की ओर से मंदिर में पत्थर लगवाया गया पूरी तरह सुंदरीकरण कराया गया सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर उप जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश प्रदीप कुमार वरिष्ठ व्यापारी सुरेश गुप्ता अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# होली पर्व को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सूरज जायसवाल

महंगई/ सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतों व एसडीओपी नरेंद्र पुजारी के मार्गदर्शन में तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के उपस्थिति में ग्राम पंचायत तारा में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक के दौरान चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने कहा कि होली के बहाने हुड़दंग करने वालों व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पहली नजर रहेगी। डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड-बॉक्स मशीन सेट जप्त कर उसके संचालक पर कानूनी कार्रवाई होना तय है। होली के दिन प्रत्येक गांव में पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मामलों में सहयोग की अपेक्षा है। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक लालचंद कुजूर, आरक्षण अमर सिंह, मदन भगत,रामचन्द्र साहू, छत्तर सिंह सहित चौकी के अंतर्गत आने वाले जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नकल विहीन परीक्षा कराने की व्यवस्था हुई धड़ाम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद



**मुरादाबाद** बोर्ड परीक्षा नकल विहीन करने की व्यवस्था धड़ाम हो गई है। शुक्रवार को पहली पाली में अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें दो छदम बच्चे दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़े गए है। यह मामला मुंडापांडे ब्लॉक के ऊंचा गांव स्थित पंडित दिन दयाल उपाध्य इंटर कॉलेज का है। जहां सीसीटी कैमरे और शिक्षकों की नाक के नीचे खुलेआम नकल चल रही थी।

माध्यमिक परिषद बोर्ड के 10वीं की अंग्रेजी की परीक्षा में मुंडापांडे ब्लॉक के गांव ऊँचा के पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में छदम बच्चे जो किसी और के स्थान पर पेपर देने पहुंचा। ऐसे दो छात्रों को परीक्षा केंद्र में मौजूद उपस्थित की सूची पर लगे फोटो से मिलान करने पर पकड़ जाने की बात सामने आई है। जानकारी मिलते ही जिला विद्यालय निरीक्षक अपनी टीम के साथ पहुंचे। अब तक की जानकारी के अनुसार विद्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक में उनके साथ अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी पकड़े गए छात्रों से जानकारी कर रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे ने बताया कि पहली पाली में दसवीं की अंग्रेजी की परीक्षा में 4 हजार 30 छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें 37 हहार 59 बच्चे उपस्थित रहे। 2971 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 12वीं की पहली पाली की कृषि और कंप्यूटर की परीक्षा के लिए 428 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 405 छात्र चात्राओं ने परीक्षा दी ।वहीं 23 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि मुंडापांडे ब्लॉक स्थित ऊँचा गांव के पंडित दिन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में दो छदम बच्चे पकड़े गए, जिसमें एक इंटर में पढ़ने वाला छात्र विकू पाल है और एक समीर जोकि बीएससी का छात्र है। यह दोनों दूसरे छात्रों की जगह परीक्षा दे रहे थे। केंद्र व्यवस्थापक मुनेंद्र पाल सिंह ने बताया कि

समीर कौशल की जगह परीक्षा देना आया था और विकू प्रदीप कुमार की जगह परीक्षा देने आया था। उन्होंने बताया कि बोर्ड से ही समीर का फोटो लगकर आया था। जिसके3 माध्यम से वह परीक्षा दे रहा था। इतना ही नहीं 10 हजार रूपये तय किए थे, जिसमें से 5 हजार रुपए परीक्षा से पहले ही ले लिए। यह बात पूछताछ के दौरान समीर ने बताई। फिलहाल दोनों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# रामानुजनगर में भाजपा का जलवा बरकरार, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष दोनों निर्विरोध चयनित

अजीत नारायण



**सूरजपुर।** रामानुजनगर- विधायक भूलन सिंह मरावी के गृह जनपद रामानुजनगर में भाजपा को बड़ा सफलता मिला है ।भाजपा के अध्यक्ष गुलाब सिंह के बाद उपाध्यक्ष भी निर्विरोध निर्वाचित हुवे है ।रामप्रताप साहू को जनपद का उपाध्याय घोषित किया गया है ।आप लोगों को बता दें यहां 19 जनपद सदस्य भाजपा से जीतकर आए थे वहीं 2 कांग्रेस के जनपद सदस्य भाजपा के समर्थन में आ गए थे जिसके बाद कांग्रेस से उपाध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे शमशेर खान ने पीछे हटने में ही भलाई समझी और अपना फार्म वापस ले लिया जिसके बाद भाजपा के उपाध्यक्ष राम प्रताप साहू निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुने गए। विधायक भूलन सिंह मरावी की सक्रियता से यह बड़ी सफलता मिलने से भाजपा के कार्यकर्ता में भारी खुशी का लहर देखने को मिल रहा है ।यहां के सुभाष सुभाष चौक में जमकर पटाखा आतिशबाजी कर जश्न मनाया जा रहा है ।वहीं निर्विरोध अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनने के बाद विधायक श्री भूलन सिंह मरावी के लिए यह एक अच्छा राजनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस चुनाव के दौरान भाजपा के पर्यवेक्षक पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा,पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू,जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल,ट्राइबल मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशल सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह,विधायक प्रतिनिधि संत साहू,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण दुबे,विकाश दुबे,अनूप दुबे,सुभाष साहू सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# प्रियाकान्तजु मंदिर पर होली महोत्सव प्रारम्भ, 13 मार्च को होगी हाइड्रोलिक होली

## तीर्थ स्थलों में मांस और शराब की बिक्री हमारे धर्म और संस्कृति का अपमान : देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज

**सम्पूर्ण ब्रज में प्रतिबंधित हों शराब और माँस की बिक्री - देवकीनंदन महाराज**

**भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा के उद्धार का मार्ग**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



वृन्दावन। ठा0 श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर की प्रसिद्ध हाईड्रोलिक होली 13 मार्च को खेली जायेगी । इसकी तैयारी प्रारम्भ हो गयी हैं । यहाँ प्रारम्भ हुये होली महोत्सव में बोलते हुये देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने कहा कि सम्पूर्ण ब्रज मंडल को मांस और शराब मुक्त किया जाना चाहिये । धार्मिक स्थानों पर मांस और शराब जैसी अपवित्र चीजों की बिक्री होना हमारे धर्म और संस्कृति का अपमान है। कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री को ब्रज में इन मादक पदार्थों पर रोक लगवानी चाहिये। छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर गुरूवार को विश्व शांति प्रार्थना के साथ होली महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा का प्रारम्भ हुआ । प्रथम दिवस की कथा में हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज, सत्यमित्रानंद महाराज ने शामिल होकर व्यासपीठ पूजन किया एवं उपस्थित भक्तों को संबोधित किया। कथा प्रवक्ता देवकीनंदन महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को मन से सुनना चाहिए, न कि केवल समय बिताने के उद्देश्य से कथा में जाना चाहिए। कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं है, बल्कि यह आत्मा के उद्धार का मार्ग है। सभी तीर्थ स्थलों पर भी मांस और शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित करना आवश्यक बताते हुये उन्होने कहा कि तीर्थों में मांस और शराब का सेवन हमारी धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध है और सामाजिक मूल्यों को कमजोर करता है। मंदिर सचिव विजय शर्मा ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन वाले दिन प्रियाकान्तजु मंदिर पर ब्रज की सम्पूर्ण होली के दर्शन होंगे । इसमें लड्डू-जलेबी होली, रसिया होली, लठामार, छड़ीमार, रंग, गुलाल होली, हास परिहास के साथ खेली जायेगी । देवकीनंदन महाराज हाईड्रोलिक पिचकारी से भक्तों पर रंग बरसायेंगे । मंदिर पर टेसू के फूलों से रंग तैयार किया जायेगा ।

# केंद्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र प्रसाद ने पूरनपुर क्षेत्र का किया दौरा

## केंद्रीय राज्य मंत्री बोले बिना भेदभाव मिल रहा सबको लाभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



**पीलीभीत सा**ंसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जितने प्रसाद घूंचाई क्षेत्र पहुंचे स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिलावरपुर, गुलरिया भूप सिंह, कबीरपुर, कासगंज, और केशवपुर शहीत कई गांव का दौरा किया उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

जतिन प्रसाद ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाएं बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं जनता की समस्याओं को सुनते हुए मंत्री नेसंबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ग्रामीणों ने आवारा पशुओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गौशाला निर्माण की मांग की। मंत्री ने इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। जितेंद्र प्रसाद ने जिले के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया उन्होंने कहा कि वह हर समय जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। जितनी प्रसाद ने कहा किस जिले के विकास में वह कोई कौर कसोर नहीं छोड़ेंगे

# विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने किया फर्जीवाडा का आरोप

## सहायक अभियंता के फर्जी हस्ताक्षर का मामला उजागर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



बाराबंकी। बिजली विभाग में भ्रष्टाचार की खबरें तो आती रहती है ।लेकिन बाराबंकी में विद्युत विभाग में तैनात एक अवर अभियंता द्वारा सहायक अभियंता मीटर का फर्जी साइन बनाकर फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है ।जब इसकी जानकारी सहायक अभियंता मीटर को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों से की है ।जनपद के रामसनेही घाट विद्युत विभाग में तैनात अवर अभियंता सुबोध कुमार का गजब कारनामा उजागर हुआ है ।पहले जूनियर मीटर परीक्षण पद पर तैनात थे ।फिर इनका प्रमोशन पाकर यही पर अवर अभियंता विद्युत मीटर बन गए। मीटर रीडिंग स्टोर ब्राउटइन कर अपनी ही आई डी से मीटर पोस्ट कर देते हैं ।और सहायक अभियंता मीटर कृष्ण मोहन के फर्जी हस्ताक्षर सीलिंग में कर देते हैं ।जब इसकी जानकारी सहायक अभियंता मीटर को मिली तो उन्होंने इनसे जानकारी लेनी चाही तो अवर अभियंता ने जानकारी ना देकर अपशब्द कहे ।और कहा कि मुझे यहां से कोई हटा नहीं सकता है ।इसके बाद सहायक अभियंता मीटर ने अपने जिले के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया ।जिस सीलिंग पर फर्जी हस्ताक्षर किए वह मोहम्मद इलियास निवासी गढ़ी कदीम जैदपुर का हैं ।इसी सीलिंग पर सहायक अभियंता मीटर (एस डी ओ)के फर्जी हस्ताक्षर से जारी किया गया है ।इस तरह के कई मामले और है जब विभागीय अधिकारी इसकी निष्पक्ष पूर्वक जांच करेंगे ।यह पहला मामला नहीं है इस तरह के कई और मामले सामने आयेंगे।

## नगीना में गुलदार का शव मिला

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान



**नगीना।** मादा गुलदार का शव मिलने से बड़ी संख्या में मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गये सूचना पर पहुंचे वन बिभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर गुलदार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने नगीना - बुंदकी मार्ग पर ग्राम मुगलवाला से कुछ दूरी पर नहर की पुलिया के पास सड़क किनारे मृत अवस्था में एक गुलदार पड़ा देखा गुलदार के मुंह व जबड़े पर चोट लगी थी और मुंह से खून निकल रहा था मृत गुलदार को देखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गये , गुलदार का शव मिलने की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा ,एसडीओ अंशुल कुमार मित्तल ,वन दारोगा धर्मेंद्र कुमार , लाल सिंह आदि वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली तथा सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के सहयोग से वहां से ग्रामीणों को खदेडा तथा गुलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया वन बिभाग के अधिकारियों ने मृत गुलदार को दो वर्षीय मादा गुलदार बताया वन बिभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि गुलदार की मौत किसी वाहन के टकराने हुई होगी।

## पुलिस कर रही अराजकतत्वों की पहचान- सीओ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सिधौली-सीतापुर।** कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों के चलते पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने कहा कि त्योहारों पर शराब का सेवन निषेध है इससे जानलेवा दुर्घटनाएं घटित होती है। पुलिस उपाधीक्षक ने अराजकता फैलाने और अपराध करने वाले अराजक तत्वों की पहचान कर उनकी जानकारी पुलिस को देने को कहा। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने कहा कि बाइक पर स्टंट न करें,त्योहारों को शांति व भाईचारे के साथ मनाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने कहा कि प्रशासन को सहयोग प्रदान कर किसी भी जानकारी को तुरत साझा करें जिससे कोई बड़ी घटना न घटित हो।इस अवसर पर प्रधान रोहित सिंहपुर ,राममोहन शुक्ल,गौरव कटियार,लेखपाल दीपक मिश्रा आदि नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्त मौजूद रहे।

## बाइक चोरी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सिधौली -सीतापुर। विपिन सिंह पुत्र सत्रोहन लाल ग्राम सिरसा थाना नीमगांव जनपद लखीमपुर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर के माध्यम अवगत कराया कि वह कस्बा के मोहल्ला बहादुरपुर में मौसी के घर आया था मौसी के दरवाजे के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

## विधायक ने बांटे उपकरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सिधौली-सीतापुर।** ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष उपकरण वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए (60) ट्राईसाइकिलों के वितरण के अतिरिक्त अन्य दिव्यांगजनों को उनके उपयोगी उपकरण प्रदान किए ।

## जायजा व दी गई विदाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आगामी आरटीसी प्रशिक्षण हेतु की जा रही व्यवस्थाओं तैयारियों का जायजा लिया गया एवम् सर्वसंबंधित को आरटीसी प्रशिक्षुओं के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व क्षेत्राधिकारी आरटीसी क्राइम सुनील मिश्र के जनपद गोंडा स्थानांतरण पर विदाई दी गयी ।

## व्यापार मण्डल ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीतापुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वधान में आयोजित स्वास्थ्य सेवा शिविर में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति के बीच वृहद मेडिकल कैंप का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी के कर कमलों संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता ने बताया कि एस एल होम्यो फार्मा के सहयोग से आयोजितइस वृहत मेडिकल कैंप में शहर व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया, जिसमें त्वचा संबंधीरोग, एलर्जी ,घुटनों का दर्द, थायराइड ,आदि संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए कराया। । इस अवसर पर प्रमुख रूप से बृजेश रस्तोगी, मयंक शंकर गुप्ता, केडी निषाद, राम लखन कश्यप ,प्रतीक जिंदल, सहित भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही।

# दो घरों को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना,एक करोड़ से ज्यादा के सोने चांदी के जेवरात ज्वैलरी बक्सा अलमारी तोड़कर हुए फरार

## आर्मी जवान और पीएसी जवान के यहां वारदात को दिया अंजाम

केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव

एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के नगला धम्मपी और नगला गिरवर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में धाबा बोल दिया चोरों घर के अंदर रखे बक्सों और अलमारियों में रखे एक करोड़ से ऊपर की कीमत के सोने चांदी के जेवरात और एक लाख रुपए की नकदी पार कर दी।सूचना मिलते ही जैथरा थाना पुलिस और स्वाट टीम सर्विलांस,और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घटना स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया है।बही दोनों पीड़ित परिवारों ने जैथरा थाना पुलिस को अपनी अपनी लिखित तहरीर पुलिस को सौंप दी है।पुलिस नुकसान का आंकलन कर रही है।पीड़ितों का कहना है कि उनके घर के अन्दर देर से आर अज्ञात चोर घुसे घर में रखे बक्से और अलमारी तोड़कर सामान बिखरा दिया और उनमें रखे सोने चांदी के आभूषण लेकर चोर रफूचक्कर हो गए।वही बड़ी वारदात को देखते हुए पुलिस मामले से बचती नजर आ रही है।और।मामले की जांच की बात कह रही है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नगला धम्मपी गांव निवासी महिला कुमारी रीना पत्नी अवनीश कुमार ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात घर में सभी सो रहे थे तभी सुबह जब उठकर देखा घर का सामान बिखरा पड़ा था अलमारी बक्से टूटे पड़े हैं।उसमें रखी सोने की कमरबंद,हाथ फूल ब्रजबाला सहित सोने चांदी के आभूषणों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।



पीड़िता के पति अवनीश कुमार जो कि 45 वीं वाहिनी पी ए सी में तैनात है उनका कहना है कि घर के अन्दर माता जी पिता जी बहन सभी लोग सो रहे थे सुबह जब उठकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था सत्तर हजार रुपए नकद और चालीस से पचास लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी हुए है ।पुलिस भी मौके पर आई और पूछताछ कर चली गई है।बही नगला गिरवर निवासी आर्मी के जवान यशवीर सिंह पुत्र सुखबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया देर रात अज्ञात चोरों द्वारा घर के अंदर रखे बक्से और अलमारी तोड़ी गई है एक लाख रुपए नकद और सोने चांदी के आभूषण लेकर चोर फरार हो गए है ।पुलिस आई जांच और पूछताछ कर चली गई है करीब पचास लाख रुपए का नुकसान हुआ है।मेरी शादी थी 14 फरवरी को तब मैं छुट्टी लेकर आया था।वारदात के बाद घर के लोग सहमे हुए हैं वहीं गांव में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस की कई टीमें मामले की जांच कर रही हैं।मामले पर क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है।दोनों लोगों से तहरीर प्राप्त हो गई है।आंकलन किया जा रहा है।चोरी किए हुए वस्तुएं सूची मांगा कर आंकलन कर जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# तीन परीक्षा केंद्रों से पेपर साल्व करते पकड़े गए तीन मुन्नाभाई, एफआईआर दर्ज

### आठवीं पास मुन्ना भाई दे रहा था हाई स्कूल की परीक्षा

एटा जनपद के अलीगंज तहसील क्षेत्र के तीन परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली की अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान उपजिलाधिकारी अलीगंज और तहसीलदार अलीगंज ने तीन परीक्षार्थियों को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा है।पकड़े के मुन्ना भाइयों के विरुद्ध एफ आई आर की प्रक्रिया जारी है।जानकारी के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान एस डी एम अलीगंज विपिन कुमार मोरल और तहसीलदार अलीगंज नीरज कुमार वार्ष्णेय परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने निकले थे तभी आर बी एल इंटर कालेज राजा का रामपुर के परीक्षा केंद्र पर उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन कुमार मोरल पहुंचे फर्जी बच्चों के परीक्षा देने की सूचना प्राप्ति हुई उनके फोटो भी भेजे गए थे। जिसके बाद एसडीम अलीगंज विपिन कुमार मोरल सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और पांचो छात्रों की जांच पड़ताल की जिसमें दो छात्र अनुपस्थित मिले और दो छात्र सही पाए गए वहीं एक छात्र जो की हाई स्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा दिलशाद पुत्र कालू शाह सुदामा देवी इंटर कॉलेज अलीगंज की जगह अभय निवासी विजेदेपुर परीक्षा दे रहा था। जब उसके बारे में उप जिलाधिकारी अलीगंज ने पूछताछ की तो पता चला कि वह खुद आठवीं पास है और उसको प्रति पेपर 2 हजार रुपए दिलशाद की तरफ से दिए जा रहे थे। वही परीक्षा केंद्र पर फर्जी छात्र मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया और मौके पर थाना प्रभारी किशोरी लाल मीणा भी पहुंचे जहां उन्होंने छात्रा को हिरासत में ले लिया है।वहीं तहसीलदार अलीगंज ने महावीर इंटर कालेज अँगरैया से एक मुन्नाभाई को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा है।तीसरा मुन्नाभाई आदर्श जनता इंटर कालेज रुपधनी से पकड़ा गया है।फिलहाल तीनों केंद्र प्रभारियों और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को सम्बंधित थाना क्षेत्रों में एफ आई आर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।उप जिलाधिकारी अलीगंज विपिन कुमार मोरल ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए हैं।कार्यवाही की जा रही है।



# पर्यावरण परिवर्तन पर स्काउट मास्टर भेरुलाल ओसारा द्वारा राज्य स्तर किया गया प्रस्तुतीकरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
मुस्तफा अली

भारत स्काउट एवं गाइड और यूनिसेफ के सयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप अंतर्गत पर्यावरण परिवर्तन प्रोजेक्ट प्रगति कार्यशाला का आयोजन भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त राजीव मिश्रा द्वारा की गई इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्यालय से प्रोजेक्ट क्लैप निर्देशक बबलू गोस्वामी और यूनिसेफ मध्य प्रदेश से शाश्वत नायक उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ ईश प्रार्थना से किया गया जिसके पश्चात स्काउटिंग सेल्यूट के माध्यम से अध्यक्ष का सम्मान किया गया इस अवसर पर मिश्रा द्वारा मिशन लाइफ के भागो पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया वही यूनिसेफ सदस्य शाश्वत नायक द्वारा परिणामों को बेहतर कैसे बनाया जाए उसपर चर्चा की इस दौरान मध्य प्रदेश के 13 जिलों में संचालित पर्यावरण परिवर्तन प्रोजेक्ट अंतर्गत किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमे आगर मालवा जिले से जलवायु नेता भेरूलाल ओसारा द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसकी सभी के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई इस दौरान उज्जैन, आगर मालवा, शिवपुरी, जबलपुर, ग्वालियर, मंडला, कटनी,बालाघाट आदि जिले सम्मिलित हुए अंत में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बी एल शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती जानकी सिंह जिला क्लैप कॉर्डिनेटर भोपाल से राजेश मेवाड़ें ,ग्वालियर से शंकर सिंह, बडवानी से गणेश श्रीवास्तव,कटनी से सुश्री रिया कनौजिया, छिंदवाडा से नरेन्द्र कुमार शर्मा, मण्डला से लोक सिंह पदम,जबलपुर से राहुल राजपूत,भोपाल से रामेश्वर दयाल सेन जबलपुर से ललित कुमार मिश्रा सम्मिलित हुए।




# अमृत कलश यात्रा : तीसरे दिन प्राचीन मंदिरों में जलाभिषेक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज
शनि कुमार यादव

बारा, प्रयागराज- अमृत कलश यात्रा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने बारा क्षेत्र के विभिन्न प्राचीन मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस पवित्र यात्रा के दौरान सुजावन महादेव भीटा, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर भटपुरवा, मन कामेश्वर मंदिर लाला पुर, सिद्धपीठ मंदिर छिड़ी और प्राचीन शिव मंदिर सोनबरसा में विशेष पूजा-अर्चना की गई। प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बारा क्षेत्र प्राचीन मंदिरों का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने सुजवान देव मंदिर, जो यमुना की धारा के पास स्थित है, और मन कामेश्वर मंदिर, जो पहाड़ की चोटी पर स्थित है, को इस क्षेत्र की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर बताया। योगेश शुक्ल ने विशेष रूप से छिड़ी गांव सभा के पहाड़ियों पर स्थित सैकड़ों साल पुराने मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर विशाल और प्राचीन नींव पर आधारित है, जो इस क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है। उन्होंने पुरातत्व विभाग से आग्रह किया कि इस मंदिर के अवशेषों और दीवारों का गहन अध्ययन किया जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में यह मंदिर क्षतिग्रस्त हुआ। उन्होंने रामगढ़ सोनबरसा के शिव मंदिर और बेलन-टौंस के संगम को भी उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि ये स्थान अपने प्राकृतिक सौंदर्य से हर किसी को आकर्षित करते हैं। इस यात्रा में कमलेश मिश्रा, राजीव गिरी, अरुण मिश्रा, शंकर लाल पांडेय (प्रधान), राजीव पाण्डेय, हरी कांत, राकेश शुक्ल, आचार्य योगेश जी सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे। सभी ने भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और क्षेत्र की धार्मिक विरासत को संरक्षित करने का संकल्प लिया।



# आज निकलेगी खाटू श्याम की निशान यात्रा, शाम को होगा भव्य संकीर्तन

**-विभिन्न ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे प्रस्तुति, बाबा को अर्पित किए जाएंगे छप्पन भोग**

**-श्रीकृष्णार्पण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



**मथुरा।** श्री कृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा आठ मार्च को आयोजित होने वाले खाटू श्याम बाबा के द्वितीय फाल्गुन मेले की तैयारियां पदाधिकारियों ने पूर्ण कर ली हैं। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तों को रिझाएंगे। इससे पूर्व शहर में निशान यात्रा निकली जाएगी। शाम को बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के संरक्षक सुनील गोयल ने बताया कि शनिवार को प्रातः नौ बजे बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा का शुभारंभ ठा. द्वारिकाधीश मंदिर से होगा जो स्वामी घाट, चौक बाजार, मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पहुंचकर संपन्न होगी। शाम सात बजे से मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित होटल ड्यूक पैलेस में बाबा श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी भजन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। संरक्षक पदम गोयल ऑटो पार्ट्स वालों ने बताया कि कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए इत्र-पुष्प वर्षा के अलावा कैला मैया, मेंहदीपुर बालाजी और सालासर बालाजी का दरबार सजाने के लिए कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। अंत में ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली होगी। समापन महाआरती के साथ होगा। पारस अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले भक्तों के लिए 10 लकी ड्रा भी रखे गए हैं जिसके तहत उन्हें 20 ग्राम के चांदी के सिक्के भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने सभी श्याम प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# रोड जाम हुआ तो होगी कार्रवाई : विनीत सिंह

## करारी क्षेत्र के सभी स्टैंडों पर जाकर करारी कोतवाल ने सवारी वाहनों के ड्राइवरों के साथ की बैठक,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी
केसरिया हिंदुस्तान

**कौशाम्बी।** शुक्रवार को करारी थाना प्रभारी जुमा की नमाज़ को लेकर क्षेत्र भ्रमण पर थे।उन्होंने क्षेत्र के अति संवेदनशील ,संवेदनशील गांव में बने मस्जिदों के इमामों,मौलवी मौलाना और मुस्लिम समाज के लोगों से मिलकर कुशलता जाना। साथ ही शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने की बात कही।रमज़ान और ईद शांति पूर्वक सम्पन्न हो इसके लिए करारी पुलिस लगातार प्रयासरत है। आगामी होली पर्व को लेकर हिंदू धर्म के लोग सवारी वाहनों का उपयोग कर अपने घरों को आना जाना शुरू कर दिए हैं।होली पर्व तक रोड़ों में सवारी वाहनों का आवागमन तेज हो गया है।ऐसे में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।इसको लेकर करारी इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के सभी सवारी वाहन बस,ऑटो स्टैंडों का निरीक्षण किया।उन्होंने सवारी वाहनों के ड्राइवरों के साथ एक बैठक की।इस दौरान



उन्होंने ड्राइवरों को यातायात नियमों का पालन करने की बात कही।उन्होंने कहा कि नाबालिक बच्चों द्वारा ई रिक्शा व अन्य वाहन चलाने की शिकायत मिली तो गाड़ी मालिक के साथ साथ ड्राइवर पर भी संबंधित करवाई होगी।कोई भी ड्राइवर शराब पीकर वाहन नहीं चलाएगा।यदि ऐसा किया और कोई दुर्घटना घटी तो उसकी खैर नहीं है।थाना क्षेत्र मैं तीन सवारी, ऑटो, टेंपो, ई रिक्शा सहित सभी सवारी वाहनों में मानक से अधिक लोगों को बैठाने पर व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर कार्रवाई की बात कही।सवारी वाहनों द्वारा जाम की स्थित उत्पन्न न हो इसके लिए उन्होंने नियम बताया।यातायात नियम का उल्लंघन करने पर हिदायत और चेतावनी दी गई।साथ ही कड़ी कार्रवाई की बात कही गई।इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने कहा कि आपकी सुरक्षा हमारी प्रथम जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी ड्राइवों को प्रशासन से संबंधित मोबाइल नंबर दिए।साथ ही यातायात नियम पर सहयोग की अपेक्षा की।